रोहतक
मंगलवार, 9 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 163
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 34.4
न्यून. 23.7


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





05 टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन भारत के 15 खिलाड़ियों को मिलेंगे 5-5 करोड़, कोच द्रविड़ को 2.5 करोड़


*नीट-यूजी परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, 38 याचिकाओं पर सुनवाई*

# यदि शुचिता नष्ट हुई है तो पुनः परीक्षा का आदेश देना होगा

## आखिरकार शीर्ष अदालत ने भी माना प्रश्नपत्र लीक हुआ, अब सुनवाई 11 को

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नीट-यूजी 2024 की शुचिता भंग हुई है। यदि पूरी प्रक्रिया प्रभावित हुई है तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश दिया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने साथ ही राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से प्रश्नपत्र लीक होने के समय एवं तरीके के साथ ही गलत कृत्य करने वालों की संख्या की जानकारी मांगी ताकि इसके प्रभाव का पता लगाया जा सके। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र व प्रतिष्ठित परीक्षा आयोजित करने वाली एनटीए से कड़े शब्दों में कहा, हमें नकारना की मुद्रा में नहीं रहना चाहिए। इससे समस्या और बढ़ेगी। पीठ ने कहा, एक बात स्पष्ट है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि परीक्षा की शुचिता भंग हुई है। सवाल यह है कि लीक कितना व्यापक है? अदालत ने कहा कि अगर नीट-यूजी की शुचिता नष्ट हो गई है। इसके लीक प्रश्नपत्र को सोशल मीडिया के जरिये प्रसारित किया है तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा। शीर्ष अदालत ने सोमवार को 2 घंटे 20 मिनट तक इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने एनटीए को फायदा उठाने वाले छात्रों की जानकारी 10 जुलाई तक और सीबीआई को अब तक जांच की अपडेट देने के आदेश दिए। अब इस केस की सुनवाई 11 जुलाई को होगी।

### यह भी कहा कोर्ट ने

- अगर हम दोषियों की पहचान करने में असमर्थ हैं तो दोबारा परीक्षा का आदेश देना होगा।
- यदि प्रश्न पत्र लीक सोशल मीडिया से हुआ, तो दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देना होगा।
- प्रश्नपत्र टेलीग्राम, व्हाट्सएप व इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से लीक होता है, तो यह जंगल की आग की तरह फैलता है।
- इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है, हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं।
- हम प्रश्न पत्र लीक के लाभार्थियों की संख्या जानना चाहते हैं, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। यह भी बताएं।
- कितने गलत कृत्य करने वालों के परिणाम रोके गए हैं, ऐसे लाभार्थियों का भौगोलिक वितरण जानना चाहते हैं।
- यह मानते हुए कि सरकार परीक्षा रद्द नहीं करेगी, वह प्रश्न पत्र लीक के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए क्या करेगी?
- जो हुआ उसे हमें नकारना नहीं चाहिए।
- कुछ ध्यान देने वाली बातें हैं, 67 उम्मीदवार 720 में से 720 अंक प्राप्त कर रहे हैं, जबकि पिछले वर्षों में यह अनुपात बहुत कम था।



### हम लीक की सीमा का पता लगा रहे

पीठ ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। हम लीक की सीमा का पता लगा रहे हैं। इसमें कुछ चेतावनी के संकेत हैं, क्योंकि 67 उम्मीदवारों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए हैं। पिछले वर्षों में यह अनुपात बहुत कम था। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह जानना चाहती है कि प्रश्नपत्र लीक से कितने लोगों को लाभ हुआ और केंद्र ने उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की। पीठ ने सवाल किया, कितने गलत काम करने वालों के परिणाम रोके गए हैं और हम ऐसे लाभार्थियों का भौगोलिक वितरण जानना चाहते हैं।

### अलग याचिका पर भी सुनवाई

पीठ गुजरात के 50 से अधिक सफल राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) अभ्यर्थियों की एक अलग याचिका पर भी सुनवाई कर रही है, जिसमें केंद्र और एनटीए को विवादित परीक्षा रद्द करने से रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता ने दलीलें शुरू करते हुए कहा कि वे पेपर लीक, ओएमआर शीट में हेरफेर, अभ्यर्थी की जगह किसी अन्य के परीक्षा देने और धोखाधड़ी जैसे आधारों पर परीक्षा रद्द करने का अनुरोध कर रहे हैं।

### विवादों में घिरी परीक्षा

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी से संबंधित 30 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। 5 मई को परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार का आरोप लगाने वाली और परीक्षा नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।

---

## खबर संक्षेप

### नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक 27 को

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीति आयोग की 27 जुलाई को होने वाली नौवीं संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में 2047 तक भारत को विकसित बनाने से जुड़े दस्तावेज पर चर्चा की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीति आयोग की शीर्ष नीतिगत इकाई परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। भाषा

### सरकार पीरियड लीव पर पॉलिसी बनाए : सुको

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में पीरियड लीव की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि यह मामला अदालत में तय करने के लिए नहीं है, बल्कि सरकारी नीति से जुड़ा मामला है। कोर्ट ने कहा कि हमारी तरफ से महिलाओं को पीरियड लीव देने का फैसला महिलाओं के लिए हानिकारक होगा, क्योंकि कंपनियां महिलाओं को नौकरी देने से बचेंगी। इसलिए इस पर केंद्र और राज्य सरकारें निर्णय लें। एजेंसी

### अमरनाथ यात्रा : 5,800 यात्रियों का जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू से 5,800 से अधिक तीर्थयात्री दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के दो आधार शिविरों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक दो लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। अमरनाथ यात्रा के लिए 5,803 तीर्थयात्रियों का 11वां जत्था 218 वाहनों में सवार होकर देर रात तीन बजे रवाना हुआ। भाषा

### पेरिस ओलंपिक में मिशन प्रमुख होंगे गगन नारंग

**नई दिल्ली।** लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के मिशन प्रमुख के रूप में मुक्केबाज मेरीकोम की जगह ली। पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह में दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बताया कि मेरीकोम के इस्तीफे के बाद नारंग को नियुक्त किया गया है। भाषा

### महाराष्ट्र में छह महीने में 430 किसानों ने जान दी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में 2024 के पहले छह महीने में कुल 430 किसानों ने आत्महत्या की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इनमें सबसे अधिक 101 मौतें बीड जिले में हुई हैं। बीड राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे का गृह क्षेत्र है। जून में बीड में 30 किसानों ने आत्महत्या की। बीड में आत्महत्या के 101 मामलों में से 46 मामले एक लाख की अनुग्रह राशि के पात्र थे, पांच मामले अयोग्य घोषित किए गए। भाषा

---

## कठुआ में घात लगाकर वारदात, ग्रेनेड फेंक जंगल में छुपे दहशतगर्द

*5 जवान गंभीर रूप से घायल सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा*

# सेना के वाहन पर आतंकी हमला, पांच जवान शहीद

- माचेडी इलाके में वारदात कश्मीर में हाईअलर्ट
- आतंकियों व सुरक्षाबलों में भीषण गोलीबारी
- अतिरिक्त जवान मौके पर भेजे गए, सर्च अभियान तेज
- कश्मीर में चार दिन से चल रही आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़

भाषा ▶▶| कठुआ/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के माचेडी इलाके में सेना के वाहन पर घात लगाकर किए आतंकवादियों के हमले में एक जेसीओ समेत 5 जवान शहीद हो गए और 5 घायल हुए हैं। आतंकवादियों ने सेना के वाहनों को निशाना बनाकर ग्रेनेड फेंका और गोलीबारी की। ये वाहन कठुआ से 150 किलोमीटर दूर लोहई मल्हार में बदनोता गांव के पास शाम 3:30 बजे माचेडी-किंडली मल्हार मार्ग पर नियमित गश्त पर थे। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में 10 जवान सवार थे। इनमें पांच की मृत्यु हो गई।' सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, लेकिन आतंकी जंगलों में भाग गए। आतंकवादियों को मार गिराने के लिए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं। माना जाता है कि इन आतंकियों ने हाल में सीमा पार से घुसपैठ की थी और वे ऊंचाई वाले स्थानों पर जा रहे थे। आतंकियों की संख्या 3 बताई जा रही है। ये पाक के आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े हुए हैं।




### दो माह में सेना के वाहन पर दूसरा हमला

सेना का कहना है कि यह 2 महीने में सेना के वाहन पर दूसरा आतंकी हमला है। इससे पहले 4 मई को पुंछ में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था। वहीं, दो दिन में सेना पर यह दूसरी वारदात है। रविवार को राजौरी में आर्मी कैंप पर हमला हुआ था।

### जैश से जुड़े संगठन, कश्मीर टाइगर्स ने ली जिम्मेदारी

जवानों पर हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थिति प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े संगठन कश्मीर टाइगर्स ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। सेना और कश्मीर पुलिस ने आतंकियों को ढूंढने के लिए जंगल में बड़ा अभियान छेड़ दिया है।

### कुलगाम में दो दिन पहले दो जवान शहीद

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में 6 और 7 जुलाई को मुदरघम और चिन्निगम फ्रिसल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग हुई थी। एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने 6 आतंकियों को मार गिराया था। 2 जवान भी शहीद हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकी हिज्बुल मुजाहिदीन से जुड़े थे। इनमें एक पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी संगठन का स्थानीय कमांडर भी था।

### जून में भी हुए हमले

- तलाश एवं घेराबंदी अभियान के दौरान 12 एवं 13 जून को भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए थे तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक जवान की जान चली गई थी।
- डोडा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ के पखवाड़े भर के अंदर यह आतंकी हमला हुआ। उस मुठभेड़ में, 26 जून को तीन विदेशी आतंकी मारे गए थे।
- इससे पहले नौ जून को आतंकवादियों ने रियासी जिले में शिव खोड़ी मंदिर से श्रद्धालुओं को ला रही एक बस पर हमला किया था जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए।

---

जींद में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



# नम आंखों से लांस नायक नैन को दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जींद निवासी पैरामिल्ट्री कमांडो लांस नायक प्रदीप नैन का सोमवार को यहां उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। प्रदीप नैन के पार्थिव शरीर को आर्मी की तिरंगे से सजी गाड़ी में लाया गया। पूरे गांव को तिरंगे से सजाया गया था। स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता, राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा, डीसी मोहम्मद इमरान रजा, एसपी सुमित कुमार, एसडीएम अनिल दून समेत सैंकड़ो लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। बता दें कि कुलगाम में छह जुलाई को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान प्रदीप शहीद हो गए थे। गांव जाजनवाला के रहने वाले प्रदीप नैन (27) 2015 में पैरामिल्ट्री में सिपाही के पद भर्ती हुए थे।

### आश्रितों को एक करोड़ की मदद और सरकारी नौकरी

*सीएम ने जताया शोक*

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जींद के जाजनवाला गांव के लांस नायक प्रदीप नैन के शहीद हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि हरियाणा सरकार द्वारा शहीदों के परिवारों को दी जाने वाली सहायता नीति के अनुसार 1 करोड़ रुपये की राशि और अनुकंपा आधार के तहत एक आश्रित को सरकारी नौकरी देगी। सीएम ने कहा कि देश पर जान न्यौछावर करने वाले शहीदों पर हमें गर्व है। सरकार हमेशा शहीद परिवार के साथ खड़ी है।

---



पंचकूला में हादसा

# रोडवेज बस खाई में गिरी 40 बच्चों समेत 50 घायल

*घायल बच्चे पिंजौर और पंचकूला के अस्पतालों में भर्ती*
*●*
*चालक-परिचालक को सस्पेंड किया*

**पंचकूला (ब्यूरो)।** कालका क्षेत्र में क्षमता से अधिक सवारियों को ले जा रही रोडवेज की एक मिनी सोमवार को पलट गई। इस हादसे में 40 बच्चों समेत 50 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों ने घायल बच्चों को पिंजौर और पंचकूला अस्पताल में पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल महिला और एक अन्य को पीजीआई रेफर किया है। हादसे का कारण ओवर स्पीड बताया जा रहा है। वहीं, हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने चालक और परिचालक दोनों को निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले में जांच के आदेश दिए हैं। जहां ये हादसा हुआ है वहां सड़क की खस्ता हालत भी खस्ता है। यह भी हादसे का कारण हो सकती है। हादसे में चालक और परिचालक भी घायल हुए हैं।

### यह बोले बस में सवार लोग

बस में क्षमता से अधिक सवारी भरी गई थी। इसके कारण खराब सड़क पर चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। पंचकूला सीएमओ डॉ मुक्ता ने बताया कि पंचकूला के सेक्टर 6 से नागरिक अस्पताल में 22 घायल बच्चों को लाया है। एक महिला जो की बस से बाहर थी, उसके ऊपर बस पलटी है। इसकी हालत खराब है, साथ ही उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया है।

### डखरोग गांव के पास सुबह हादसा

यह हादसा डखरोग गांव के पास सुबह हुआ। हरियाणा रोडवेज की बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में बस में सवार भारी संख्या में सवारियां घायल हुई हैं।

---

*जनस्वास्थ्य विभाग के बेलदार ने निगला जहर*

# सोनीपत में पत्नी को फंदे पर लटका देख पति ने दी जान

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** जनस्वास्थ्य विभाग के स्टाफ क्वार्टर में बेलदार बलवंत सिंह व उनकी पत्नी वीना ने आत्महत्या कर ली। बेलदार सुबह ट्यूबवेल चलाने गए थे। जब वह वापस लौटे तो पत्नी का शव फंदे पर लटका मिला। उसके बाद उन्होंने भी जहर खाकर जान दे दी। पुलिस ने शवों को नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दंपति मूलरूप से उत्तराखंड के गांव असो का रहने वाला था। बलवंत जनस्वास्थ्य विभाग में बेलदार के थे। फिलहाल उनकी ड्यूटी सुबह-शाम ट्यूबवेल चलाने की थी। वह विभाग के स्टाफ क्वार्टर में पत्नी वीना के साथ रहते थे। वह सुबह ट्यूबेवल चलाने के लिए थे। जब वह वापस लौटे तो उनकी पत्नी का शव फंदे पर लटका मिला। जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि अभी आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल या है। मामले की जांच चल रही है।



*नाराज डॉक्टरों का डीजी हेल्थ ऑफिस पर प्रदर्शन*

# डॉक्टर्स का ऐलान :15 को 2 घंटे की हड़ताल, 25 से इमरजेंसी सेवाएं बंद

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेशभर से आए चिकित्सकों ने पंचकूला स्थित स्वास्थ्य महानिदेशक कार्यालय के बाहर मांगों को लेकर धरना दिया। इस दौरान डीजी हेल्थ से भी बात हुई, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बनने से डॉक्टर्स ने ऐलान किया कि वे 15 जुलाई को दो घंटे तक हड़ताल पर रहेंगे। इसके बाद भी सरकार ने मांगें नहीं मानी तो 25 जुलाई से इमरजेंसी सेवाएं बंद कर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे।

### डीजी हेल्थ से वार्ता

डॉक्टर नहीं हुए संतुष्ट, सरकार के साथ मांगों पर नहीं बनी सहमति

अब भी सरकार नहीं मानी तो अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे

### यह बोले डॉक्टर्स

हरियाणा एचसीएमएस अध्यक्ष डॉक्टर राजेश ख्यालिया और महासचिव अनिल यादव ने बताया कि डॉक्टरों की मांगें पूरी नहीं होने के कारण उन्हें धरने प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। प्रधान महासचिव और उप प्रधान का कहना है कि अभी भी सुनवाई नहीं हुई, तो 15 जुलाई को डॉक्टरों ने प्रदेश में दो घंटे के लिए कलम छोड़ हड़ताल करेंगे। इसके बाद 25 जुलाई से अनिश्चितकाल के लिए इमरजेंसी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी।

---

**22वां शिखर सम्मेलन** पांच साल बाद रूस पहुंचे मोदी, पुतिन ने दिया रात्रिभोज

*आज व्यापार के नए रूट पर वार्ता होगी और कई मुद्दों पर चर्चा, दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा*

# पीएम का मॉस्को में भव्य स्वागत एयरपोर्ट पर दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**मॉस्को (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस की अपनी दो दिवसीय यात्रा के लिए सोमवार को यहां पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करने तथा व्यापार, ऊर्जा एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसर तलाशने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता करेंगे। यह, पांच साल में मोदी की रूस की पहली और उनके तीसरे कार्यकाल की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी है। इससे पहले वह 2019 में रूस गए थे जहां उन्होंने सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तक में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था। मोदी और पुतिन मंगलवार को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहित विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे।

(पेज 8 भी देखें)




### पुतिन से निजी मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ उनके सरकारी आवास नोवो ओगारियोवा पर एक निजी मुलाकात की। इससे पहले यहां पुतिन ने अपने आवास पर मोदी का भव्य स्वागत किया और रात्रिभोज दिया। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, यह दो करीबी मित्रों और विश्वसनीय साझेदारों की बैठक थी।

### द्विपक्षीय सहयोग मजबूत होगा

मोदी ने कहा 'मैं, मेरे मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रीय एवं वैश्विक मामलों पर दृष्टिकोण साझा करने को लेकर आशान्वित हूं।' हम शांतिपूर्ण एवं स्थिर क्षेत्र के लिए सहायोगात्मक भूमिका निभाना चाहते हैं।

---

# प्रदेश में 500 क्रेच खोले जाएंगे : असीम गोयल

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ने हालांकि बच्चों की देखभाल के लिए अभी 500 क्रैच खोलने का लक्ष्य रखा गया है। फिर भी जरूरत पड़ेगी तो और भी क्रैच खोले जाएंगे। इसके लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार ने अपनी क्रैच-पॉलिसी के अनुरूप व्यापक बजट को भी मंजूरी दी है। वर्ष 2024-25 के लिए 3215 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है जो राज्य सरकार की महिला एवं बाल कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हरियाणा देश का प्रथम राज्य है जिसने अपनी क्रेच-पॉलिसी बनाई है।



क्रेच-पॉलिसी लागू करने वाला हरियाणा पहला राज्य बना

**अभी 16 जिलों में चल रहे 165 क्रेच :** गोयल ने बताया सरकार ने वर्ष 2020 में राज्य में 500 क्रेच खोलने का निर्णय लिया था। इस लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ाते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने पहले चरण में 16 जिलों में 165 क्रेच शुरू भी कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### पंकज अग्रवाल बने चुनाव विभाग आयुक्त व सचिव

**चंडीगढ़।** सरकार ने तुरंत प्रभाव से एक आईएएस अधिकारी के नियुक्ति एवं स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। आदेशों अनुसार आईएएस पंकज अग्रवाल को हरियाणा का मुख्य निर्वाचन अधिकारी और चुनाव विभाग का आयुक्त एवं सचिव लगाया गया है।

### सीवरेज नेटवर्क पर खर्च होंगे 340 करोड़ रुपये

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अंबाला, हिसार तथा फतेहाबाद में सीवरेज व्यवस्था को और बेहतर करने तथा पेयजल के प्रबंध के लिए 340 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 5 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। प्रवक्ता ने बताया कि अंबाला जिले में परियोजनाओं पर 165.96 करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिनमें नगर निगम क्षेत्र के भीतर 11 नए विलय किए गए गांवों में सीवरेज नेटवर्क का विस्तार करना, नयागांव में मौजूद स्थल पर 1.25 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), कंवला गांव के लिए 1.40 एमएलडी एसटीपी तथा अंबाला शहर के देवीनगर में अंबाला ड्रेन के लिए 50 एमएलडी एसटीपी का निर्माण शामिल है।

### बढ़ते अपराधों पर दीपेंद्र हुड्डा ने चिंता जताई

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रदेश में अपराध बढ़ते जा रहे है। भाजपा की कमजोर सरकार ने हरियाणा को अपराधियों की शरणस्थली बना दिया है। बेतहाशा बढ़ते अपराध से जनता खौफ में जी रही है। अब तो लोगों के लिए चुनाव तक के करीब दो माह का समय भी काटना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का ऐसा कोई इलाका नहीं बचा जहां अपराधियों का तांडव न चल रहा हो। भिवानी, फरीदाबाद व अन्य जिलों में वारदातें बढ़ गई है।

## एनहांसमेंट : एचएसवीपी के आवंटियों को जल्द मिलेगा करोड़ों का तोहफा

# 4400 से अधिक प्लॉट मालिकों को मिलेगी राहत, नीति तैयार होगी

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक में निर्णय, वित्तमंत्री जेपी दलाल भी बैठक में मौजूद रहे**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़



सरकार द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के आवंटियों को जल्द ही करोड़ों रुपये का तोहफा मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने प्लॉटों के एनहांसमेंट के लंबित मामलों के निपटान के लिए विवादों का समाधान योजना के तहत अधिकारियों को एक नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस योजना के तहत एनहांसमेंट की बकाया राशि को एकमुश्त जमा करने से लगभग 4400 से अधिक प्लॉट मालिकों के 2015 से 2019 के बीच लंबित एनहांसमेंट मामलों का समाधान करते हुए उन्हें ब्याज में भी बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सोमवार यहां हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नगर एवं ग्राम आयोजना और शहरी संपदा मंत्री जेपी दलाल भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्येय लोगों को राहत पहुंचाना है, इसलिए एक प्रभावी नीति तैयार करके एनहांसमेंट के लंबित मामलों को सुव्यवस्थित तरीके से जल्द से जल्द निपटाया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हाउसिंग फॉर ऑल विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही हाउसिंग योजनाओं के तहत भी इस प्रकार के विवादों का जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि एचएसवीपी द्वारा वर्तमान में ई-निलामी के माध्यम से बेचे जा रहे प्लॉट का उचित सीमांकन (डीमार्केशन) करना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में प्राधिकरण और आवंटी के मध्य किसी प्रकार का कोई विवाद पैदा न हो। इसके अतिरिक्त उन्होंने मनसा देवी कॉम्पलेक्स पंचकूला में रेहड़ी-फड़ी वालों को उचित स्थान मुहैया करवाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि एचएसवीपी और श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड साथ मिलकर इस संबंध में एक नीति तैयार करे।बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व अन्य मौजूद रहे।

### 15000 प्लॉटों की ई-नीलामी की तैयारी

बैठक में बताया गया कि एचएसवीपी द्वारा जून 2021 से लेकर अब तक लगभग 25,000 प्लॉटों का आवंटन ई-निलामी द्वारा किया जा चुका है, जिससे लगभग 27,000 करोड़ रुपये प्राधिकरण को मिले हैं। प्राधिकरण के पास अभी भी लगभग 70 हजार प्लॉट उपलब्ध हैं, जिसमें से आने वाले 3 महीने में लगभग 15,000 प्लॉटों की ई-निलामी करने के लिए प्राधिकरण की पूरी तैयारी है। इससे लगभग प्रति माह 2,000 से 2,500 करोड़ रुपये प्राधिकरण को प्राप्त होंगे।

### 10 हजार एलईडी स्ट्रीट लाइट से जगमग होगा पंचकूला

**पंचकूला।** शहर की पुरानी स्ट्रीट लाइट्स को बदलने के लिए युद्धस्तर पर काम शुरु हो गया है। शहर की ए रोड्स की स्ट्रीट लाइटों को एलईडी में बदलने के बाद अब बी और सी रोड्स की लाइटों को एलईडी में बदलने का काम शुरू हो जाएगा। नगर निगम पंचकूला को 10 हजार और एलईडी लाइट्स मिल गई हैं। नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल ने एक महीने में सभी लाइटों को बदलने के निर्देश दे दिए हैं। नगर निगम को पहले 4400 लाइटें मिली थी और अब 10 हजार लाइटें पहुंच गई है। अभी चार हजार लाइट्स आनी बाकी हैं।कुलभूषण गोयल के अनुसार शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय ने पंचकूला में मौजूदा पारंपरिक स्ट्रीट लाइट को ऊर्जा कुशल एलईडी स्ट्रीट लाइट से बदलने और स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम के लिए सीसीएमएस पैनलों की स्थापना के कार्य को मंजूरी दे रखी है।

### झूठ की राजनीति कर रही कांग्रेस : कंवरपाल

**पंचकूला।** पंचकूला जिला की दोनों विधानसभाओं में कमल खिलाने के लिए रविवार को विस्तृत जिला कार्यकारिणी की बैठक में मंथन हुआ। जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आने वाले दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता व पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और संगठन को लेकर दिए गए सभी कार्यक्रमों को लागू करने के लिए गंभीरता से काम करने की बात कही। मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश



व देश में झूठ की राजनीति कर रही है। कार्यकारिणी की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के संदेश को घर-घर पहुंचाना, पंचकूला में हुई विस्तृत प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बनाए गए 90 दिनों के रोड मैप पर काम करना, बोगस वोटों को कटवाना और नई वोटों को बनवाने पर भी चर्चा हुई।

### नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलेगा : प्रसाद

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सोमवार को सभी उपायुक्तों तथा पुलिस अधीक्षकों को राज्य में नशे की तस्करी में शामिल लोगों पर शिकंजा कसने के लिए एक महीने तक व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। यहां नार्को समन्वय केंद्र की 8वीं राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रसाद ने इस अभियान की सफलता के लिए नागरिक एवं पुलिस प्रशासन तथा व विभागों के समन्वित प्रयासों का आह्वान किया मुख्य सचिव ने वरिष्ठ नागरिकों और पुलिस अधिकारियों को प्रदेश को नशा मुक्त राज्य बनाने के राज्य सरकार के सपने को साकार करने का काम करें।

## बिजली पंचायत में कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ बंटे पर्चे

### बिजली मंत्री का पर्चे बांटे जाने की जानकारी से इनकार

- पर्चों में विस चुनाव में भव्य को और लोकसभा चुनाव में रणजीत सिंह को मिले वोटों का जिक्र

**हिसार।** बिजली मंत्री रणजीत चौटाला की ओर से लोक निर्माण विश्राम गृह में लगाई गई बिजली पंचायत के दौरान बंटे पर्चे चर्चा में रहे। इन पर्चों में भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई के गृह क्षेत्र के कुछ गांवों का जिक्र था। पर्चे में वर्ष 2022 के आदमपुर उपचुनाव में कुलदीप के बेटे भव्य को मिले वोटों व हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में आदमपुर क्षेत्र से रणजीत सिंह को मिले वोटों का तुलनात्मक अध्ययन दर्शाया गया है। हालांकि बातचीत के दौरान बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने बिजली पंचायत में पर्चे बांटे जाने की बात से पूरी तरह से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि न मैंने पर्चे देखे और न ही मुझे पता नहीं किसने पर्चे बांटे। मैं तो अपने लोगों से मिलने में लगा हुआ था।



बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में बिजली पंचायत लगाई। इसी दौरान कुछ पर्चे दिखाई दिए। भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई के खिलाफ बांटे गए इन पर्चों में लोकसभा चुनाव में आदमपुर हलके में हार का जिक्र किया हुआ है। साथ यह बताया गया है कि आदमपुर में बिश्नोई बाहुल्य गांवों में रणजीत चौटाला की किस कदर हार हुई है।

#### रणजीत चौटाला के करीबी ने बांटे पर्चे !

पर्चे में स्पस्ट किया गया कि किस तरह 2022 में आदमपुर उपचुनाव में भव्य को बंपर वोट मिले, मगर दो साल बाद लोकसभा चुनाव में रणजीत चौटाला को इतने कम वोट मिले। इस पर्चे में पूरा एनालिसिस किया हुआ है। चर्चा है कि यह पर्चे रणजीत चौटाला के करीबी की तरफ से पंचायत शुरू होते ही बांटे गए। बताया जाता है कि चौटाला का यह करीबी चुनाव के दौरान आदमपुर के 15 गांवों का इंचार्ज रहा था। पर्चे की रिपोर्ट में दावा है कि कुलदीप बिश्नोई ने भीतरघात किया जिसके कारण रणजीत चौटाला को आदमपुर में 15 हजार वोट कम मिले।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 16 को महेंद्रगढ़ आएंगे



- एक माह में दूसरी बार हरियाणा के दौरे पर शाह
- कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर अभी से तैयारी में जुटे भाजपा नेताओं ने अभी से विधानसभा में जीत सुनिश्चित करने की कवायद शुरू कर दी है। इस क्रम में लोकसभा चुनावों में जहां जहां पर भाजपा कमजोर रही है, वहां भाजपा ज्यादा काम करने की तैयारी में है। डैमेज कंट्रोल करने के लिए जुटे भाजपा दिग्गजों को मंत्र देने के लिए जल्द ही अमित शाह हरियाणा में आएंगे। एक माह के अंदर अमित शाह दूसरी बार हरियाणा के दौरे पर आ रहे हैं। भाजपा नेता राम विलास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री 16 जुलाई को महेंद्रगढ़ आएंगे। शाह विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा करेंगे। संभावना है कि शाह कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। चुनावी रणनीति का मंत्र देंगे। इस बैठक में सीएम सैनी के अलावा अन्य भाजपा नेताओं के शामिल होने की संभावना है। पूर्व शिक्षा मंत्री शर्मा ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह तैयार है।

**बिजली शिकायतों पर सुनवाई आज : चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही मंगलवार को की जाएगी। कार्यवाही सुबह साढ़े 11 बजे सेक्टर-5, पंचकूला स्थित अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में की जाएगी।

### प्रदेश में कानून और सरकार नहीं : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने चंडीगढ़ में प्रदेश पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर हरियाणा में असुरक्षित नेतृत्व में चल रही सरकार को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने आज पूरे प्रदेश में कानून और सरकार का नहीं, बल्कि जंगलराज चल रहा है। पूरे हरियाणा में ऐसी घटनाएं हो रही हैं जो सरकार को शर्मसार करने के लिए काफी हैं। हरियाणा फिरौती बाजों का सेफ हेवन बन गया है। जगह जगह पर फायरिंग की घटनाएं हो रही हैं।



### गरीबों के हक छीन रही सरकार: सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार गरीबों से उनका हक छीनने की हर संभव कोशिश में जुटी है। इसलिए एक ही झटके में करीब 1300 डिपो संचालकों के लाइसेंस को रद्द कर दिया। एक साथ इतने लाइसेंस रद्द होने से लाखों गरीबों के सामने राशन को लेकर संकट खड़ा होने लगा है। इनके लाइसेंस तुरंत बहाल करने के साथ ही सभी 9300 डिपो धारकों का फरवरी से बकाया चल रहा गेहूं वितरण कमीशन भी जारी किया जाए।


प्रेस नोट

**कार्यालय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक**

विषयः नकारा स्कूल के भवनों की सामग्री की नीलामी करने बारें।

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में जिला स्तरीय कमेटी द्वारा निम्न विद्यालयों के नकारा भवन की बोली की जानी है। अनुमानित राशि सामने अंकित है। अतः इन भवनों की मौके पर निलामी के लिए तिथि व समय भी सामने अंकित है। नियम व शर्ते पूर्वतः ही लागू रहेंगीः-

| क्रमांक | विद्यालय का नाम | अनुमानित राशि (in Lakhs) | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | GPS ANWAL | 1.19 | 15.07.2024 | 10:00AM |
| 2. | GPS LAHLI | 1.26 | 16.07.2024 | 10:00AM |
| 3. | GPS CHIRI | 0.98 | 17.07.2024 | 10:00AM |
| 4. | GPS CHIRI BLOCK | 1.47 | 17.07.2024 | 10:00AM |
| 5. | GPS KHARAINTI | 1.65 | 18.07.2024 | 10:00AM |
| 6. | GMSPS BAINSI | 0.15 | 19.07.2024 | 10:00AM |
| 7. | GPS NANDAL | 3.036 | 22.07.2024 | 10:00AM |
| 8. | GPS INDERGARH | 0.11 | 23.07.2024 | 10:00AM |
| 9. | GMSPS LAKHAN MAJRA | 0.246 | 24.07.2024 | 10:00AM |

Conditions:
1. Every bidder will have to deposit a sum of Rs. 25000/- in shape of Bank Draft Drawn in favour of DEEO Rohtak & payable at Rohtak the undersigned to qualify for bidding which will be refunded at the end of auction except for successful bidder.
2. The successful bidder will have to deposit 25% of the amount of bide at the fall of hammer and the remaining 75% will be deposited after the approval is given to him in case of failure all deposited money will be forfeited.
3. An additional amount of 10% of total bid money will have to be deposited by the successful bidder as security in Demand Draft in favour of the District Elementary Education Officer Rohtak which will be refunded after the completion of work.
4. The building is to be demolished and site should be cleared within one month of issue of approval, failing which the remaining salvage will be taken in the Government. Possession and no claim what so ever will be enterained.
5. Any infomation in this regard can be had from the office of the District Elementary Education Officer Rohtak.
6. The Jurisdiction of court for any dispute between the parties be at Rohtak.
7. In case due to unavoidable circumstances the possession of the building to be dismantled is not given in time then no extra compensation will be paid to the contractor only extension in time will be granted.

हस्ता/-जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रोहतक

पीआरडीएच-1132/11/65/2025/27560/88/6 दि. 08.07.24



**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण आमजन व खास को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति, बहादुरगढ़ द्वारा मेट्रो पिलर नंबर 864 के सामने पुरानी कोर्ट के रास्ते के साथ लगती यू टाईप मार्किट में दुकान नंबर 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 19, 20 तथा पुरानी दुकान नंबर 1, 2, 3, 4, 5, 6 को दिनांक 12.07.2024 को दोपहर 01:00 बजे खंड कार्यालय बहादुरगढ़ में किराए के लिए खुली बोली (निलामी) की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति बोली में भाग ले सकता है। बोली की शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

**नोटः-** बोली के बारे में किसी भी तरह की जानकारी खंड विकास एंव पंचायत अधिकारी, बहादुरगढ़ के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस प्रातः 9 बजे सायं 5 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता/-उमेद सिंह
कार्यकारी अधिकारी, पंचायत समिति, बहादुरगढ़



शिक्षित युवा-सम्मानित व कुशल हुआ

**कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा**

कौशल भवन, प्लॉट नं आई.पी-2, सैक्टर-3, माजरी चौक, पंचकुला। www.itiharyana.gov.in

आई.टी.आई. पास उम्मीदवारों को अप्रैंटिसशिप करने का सुनहरा अवसर

हरियाणा सरकार के अधीन सभी विभागों, बोर्ड, कॉरपोरेशन एवं निगमों आदि के कार्यालयों में अप्रैंटिस एक्ट, 1961 के तहत ट्रेड अप्रेंटिस लगने के लिए आई.टी.आई. पास इच्छुक उम्मीदवार पोर्टल **www.apprenticeshipindia.gov.in** पर अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर इस पोर्टल पर रजिस्टर्ड कार्यालयों में अप्रैंटिस लगने हेतु पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2024 की प्रथम अनुसूची के द्वितीय चरण के लिए दिनांक 13.07.2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। द्वितीय चरण के लिए निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों ही विचार किया जाएगा जिसका विस्तृत विवरण विभागीय वैबसाईट **www.itiharyana.gov.in** पर उपलब्ध है। आई.टी.आई पास उम्मीदवार हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी हो या दसवीं कक्षा हरियाणा राज्य से पास की हो या उम्मीदवार चंडीगढ (यू.टी.) का स्थाई निवासी हो और उसने हरियाणा या चंडीगढ़ में स्थित, किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से एन.सी.वी.टी. / एस.सी.वी.टी. के तहत आई.टी.आई. कोर्स पास किया हो। प्रत्येक प्रतिष्ठान में अप्रैंटिसशिप हेतु उपलब्ध सीटों के प्रति 20 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों को एवं 27 प्रतिशत सीटों के प्रति पिछड़ी श्रेणी के उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन में स्वयं की **Email ID,** अपना मोबाईल नं. व अपना आधार नंबर सही दर्ज करें। पोर्टल द्वारा सभी सूचनाएं उम्मीदवार की ई.मेल. / मोबाईल नं. पर ही भेजी जाएगी। किसी भी जानकारी के लिए निकटतम राजकीय आई.टी.आई. संस्थान में संपर्क कर सकते हैं।

पीआरडीएच-1065/11/112/2025/27593/88/6 दि. 08.07.24 **महानिदेशक**



**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(www.hssc.gov.in)

**सार्वजनिक सूचना**

**ग्रुप-डी पदों, विज्ञा. सं. 01/2023 हेतु करेक्शन पोर्टल ऑफ (सीईटी)-2023, हरियाणा के सम्बन्ध में उम्मीदवारों को सूचना**

सूचना दिनांक 06.07.2024 के तहत सीईटी ग्रुप-डी के संशोधित परिणाम की घोषणा के संदर्भ में, उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि दर्शाई गई उनकी श्रेणियां बिल्कुल वही हैं जो दिनांक 12.01.2024 को एनटीए द्वारा घोषित परिणाम में थी।

इसके अतिरिक्त, यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि उनकी श्रेणी के सम्बन्ध में उम्मीदवारों से आग्रहों पर विचार करते हुए, आयोग ने एक बार फिर सीईटी-ग्रुप डी हेतु करेक्शन पोर्टल लाँच करने का निर्णय लिया है।

उम्मीदवारों को 06.07.2024 से 08.07.2024 (अप. 11:59 बजे) तक लिंक ***https://groupdcorrection.hryssc.com*** का उपयोग करते हुए करेक्शन पोर्टल पर पधारने का परामर्श दिया जाता है। उम्मीदवारों को विज्ञा. सं. 01/2023 के अनुरूप कट ऑफ तिथि को या इससे पूर्व जारी किये गये उनके दावे के समर्थन में वैध दस्तावेज अपलोड करना अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए।

उम्मीदवारों द्वारा लॉगइन के पश्चात करेक्शन पोर्टल में दर्शाये अनुसार श्रेणियां, 26.02.2024 से 29.02.2024 तक खुले करेक्शन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित उम्मीदवारों के आग्रहों के पश्चात जैसे अद्यतन किए गए थे, वे हैं। जिन उम्मीदवारों को अब भी उनकी श्रेणी से सम्बन्धित कोई शिकायत है, उपरोक्त लिंक पर पधार कर इसको जमा करवा सकते हैं।

श्रेणी के करेक्शन के सम्बन्ध में कोई आग्रह आयोग के कार्यालय में भौतिक रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव
दिनांक : 06 जुलाई 2024 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/635/2025/27590/88/6 दि. 08.07.24 — पंचकूला



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव लाधोली, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में जलापूर्ति के निकट हॉल को पूरा करना, वीएजीवाई + 7 कार्य। | 05.07.2024 11.07.2024 | 124.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव खांडावाली, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में साइड ड्रेन्स और आईपीबी सहित फिरनी की पेवमेंट, एचजीवीवाई। | 05.06.2024 15.07.2024 | 82.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज करनाल | गांव गगसीना, ब्लॉक मुनक, जिला करनाल में फ्लोरिंग, टाइलिंग का निर्माण और दादा पीर खेल स्टेडियम में निर्माण कार्य, एमपीएलएडी + 1 कार्य। | 05.07.2024 19.07.2024 | 13.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | असंध, जिला करनाल में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (आंतरिक ईआई का प्रावधान)। | 06.07.2024 16.07.2024 | 98.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में लघु सचिवालय परिसर में 24 ट्रांजिट फ्लैट्स का निर्माण (आंतरिक ईआई का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 06.07.2024 13.07.2024 | 53.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव रोहट पट्टी में शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना, एससी शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना, शमशान घाट में हैंडपम्प की स्थापना और गांव सांभली, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में मानसुर मुल्लाना पट्टी के निकट शमशान घाट में रास्ता का निर्माण और हैंडपम्प की स्थापना + 8 कार्य। | 05.07.2024 11.07.2024 | 216.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज रोहतक | एमपीएलएडी2 - गांव काहनी में एससी चौपाल का निर्माण (एमपीएलएडीएस) + 14 कार्य। | 05.07.2024 11.07.2024 | 122.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रोहतक | गांव सीतामई (डिगताना) ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में एस.सी. शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण + 3 कार्य। | 06.07.2024 22.07.2024 | 19.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | ब्लॉक पिंजौर (नानकपुर, राम नगर और रामपुर जांगी) का शिवधाम नवीनीकरण योजना कार्य + 3 कार्य। | 06.07.2024 12.07.2024 | 77.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 10 | जिला परिषद पलवल | माला सिंह फार्म से मोहन सिंह की ढाणी तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण, रोड आईडी-783 ब्लॉक बादोली + 6 कार्य। | 05.07.2024 16.07.2024 | 106.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015379500 prexeeng.pwl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज अम्बाला | गांव धनोरा में कब्रिस्तान की चारदिवारी, गांव अकबरपुर माजरा (धनौरा) में शमशान घाट की चारदिवारी, गांव मिल्क शेखा में सामान्य शमशान घाट में शवदाह शैड, गांव फोक्सा में कब्रिस्तान का बिक पेव्ड रास्ता, गांव जफरपुर में कब्रिस्तान की चारदिवारी, गांव शेरपुर ब्लॉक बराड़ा में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण + 3 कार्य। | 05.07.2024 12.07.2024 | 81.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज अम्बाला | गांव बिहता में चारदिवारी कब्रिस्तान, ब्रिक पेव्ड रास्ता कब्रिस्तान और सामान्य शमशान घाट की चारदिवारी, गांव नुर्द में मेन रोड से शमशान घाट तक ब्रिक पेव्ड रास्ता और सामान्य शमशान घाट की चारदिवारी, गांव रामगढ़, ब्लॉक साहा में मेन गोहर से शमशान घाट तक ब्रिक पेव्ड रास्ता का निर्माण + 7 कार्य। | 05.07.2024 12.07.2024 | 174.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज झोझू कलां चरखी दादरी | गांव बलाली में आंगनवाड़ी का पुनरोद्धार + 7 कार्य। | 04.11.2024 11.07.2024 | 30.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज रोहतक | स्टेडियम घुसकानी में मिट्टी भराई + 3 कार्य। | 05.07.2024 10.07.2024 | 76.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 girishbatrarohtak@gmail.com |
| 15 | जिला परिषद होडल | गांव औरंगाबाद ब्लॉक होडल, जिला पलवल में बजादा रोड से श्रीचंद के मकान तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 3 कार्य। | 03.07.2024 11.07.2024 | 43.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9873227860 prexeeng.pwl@hry.nic.in |
| 16 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, भिवानी | फ्लड पूल डीपी सैट का परीक्षण व मरम्मत + 6 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 12.07.2024 | 23.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812364411 xenmechbhiwani@gmail.com |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहादुरगढ़ | बाढ़ ऋतु और नहर चलने के दौरान मैनपावर (बेलदार/कैनाल गार्ड) की आपूर्ति करने हेतु आउटसोर्सिंग एजेंसी की नियुक्ति। | बंद होने की तिथि 12.07.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 1276298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/340/27587/I/88/6 दि. 08.07.24

## खबर संक्षेप

### 9वीं और 11वीं के अंक कर सकते हैं अपलोड

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि जिन विद्यालयों द्वारा 9वीं व 11वीं के छात्रों का परीक्षा परिणाम रिजल्ट लेट ड्यू टु ऐलिजिबिलिटी किया गया है, वे बिना जुर्माना तथा जिन विद्यालयों ने रिजल्ट ऐलिजिबिलिटी नहीं किया गया है वे 5000 रूपये जुर्माना सहित वार्षिक परीक्षा अंक 4 सितम्बर 2024 तक अपलोड करना सुनिश्चित करें।

### क्षत्रिय कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

**चंडीगढ़।** प्रदेश में क्षत्रिय समाज के हितों की रक्षा के लिए जल्द ही 'क्षत्रिय कल्याण बोर्ड' का गठन हो जिससे कि राजपूत समाज की जो आधिकारिक मांगें लंबित हैं, उन पर शीघ्रतापूर्णक संज्ञान लिया जाये। यह पुरजोर मांग 'क्षत्रिय स्वाभिमान संघर्ष समिति हरियाणा' के पदाधिकारियों ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान रखी। समिति के सदस्यों ने बात पर बल दिया कि हरियाणा में जातिगत जनगणना हो, जिससे राजपूत समाज की सही संख्या दर्ज की जाये जो हरियाणा क्षत्रिय कल्याण बोर्ड के विमर्श और सहयोग से ही संभव है।

### व्यापारी कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन की उठाई मांग

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जो नुकसान हुआ, उसका मूल कारण हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी और सरकार के प्रति हरियाणा के व्यापारियों की नाराजगी रही । प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा व्यापार मंडल विजय लक्ष्मी चन्द गुप्ता और अन्य व्यापारी नेताओं का कहना है कि हरियाणा में व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन हो, व्यापारी राहत कोष की स्थापना हो, व्यापारियों को पेंशन की योजना लागू करें और व्यापारी को टैक्स कलेक्टर का दर्जा प्रदान करें। व्यापारियों नेताओं का कहना है कि एनसीआर के चलते उद्योगों को डीजल जरनेटर पर रोक लगाने से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### जलभराव से खफा किसान लघु सचिवालय पहुंचे, डीसी से पानी निकासी की मांग

# 160 एमएम पानी बरसा तो डूबी धान की फसल, अब पानी निकलने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले 6 दिनों में फतेहाबाद में 4 बार बारिश हुई और 160 एमएम पानी बरसा। हालात यह हुए कि हाइवे के दूसरी तरफ रतिया-भूना मार्ग के खेतों में कई-कई फुट पानी जमा हो गया। इस जमीन पर धान की फसल की रोपाई की हुई है। अब यहां इतना पानी है कि धान की फसल दिखाई नहीं देती। पिछले साल इन्हीं दिनों में यहां यही हालात थे। जलभराव से खफा किसान सोमवार को लघु सचिवालय पहुंचे और उपायुक्त से पानी निकासी की मांग की। जुलाई माह में हुई बरसात से फतेहाबाद में एक साल बाद फिर बाढ़ जैसे हालात बनकर खड़े हो गए हैं। इस बार यह बाढ़ घग्घर नदी से नहीं आई बल्कि पिछले सप्ताहभर में हुई मानसून की तेज बारिश के चलते यह हालात पैदा हुए हैं। किसान इसके लिए प्रशासन को जिम्मेवार ठहरा रहे हैं। हालात ये हैं कि फतेहाबाद के बाहर नेशनल हाइवे बाइपास के साथ-साथ काफी बड़े क्षेत्र में बरसाती पानी जमा हो चुका है। माजरा रोड से लेकर रतिया रोड तक चारों तरफ बरसाती पानी ही पानी नजर आता है, जो पिछले साल आई बाढ़ की त्रासदी याद करवा रहा है। काफी एकड़ जमीन में लगी धान की फसल पानी में डूब चुकी है तो वहीं कई ढाणियां और ट्यूबवेल भी पानी की चपेट में हैं। इसको लेकर आज क्षेत्र के काफी किसान लघु सचिवालय पहुंचे और प्रशासन के समक्ष अपनी व्यथा सुनाई। किसानों ने प्रशासन को मौके पर जाकर जायजा लेने की मांग उठाई और जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई की मांग उठाई। किसानों की शिकायतें सुनने पहुंचे एडीसी राहुल मोदी ने किसानों को आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान लौट गए। किसानों ने चेतावनी दी कि दो-तीन दिन में यदि मांगों पर गौर नहीं किया और पानी नहीं निकला तो बड़ा कदम उठाया जाएगा।

- कई ढाणियां और ट्यूबवेल भी पानी की चपेट में आए



**रतिया रोड व खान मोहम्मद तक पहुंचा पानी**

सोमवार को रतिया रोड पर हाइवे के दोनों साइडें पानी से भर गई। नागपुर रोड पर गांव खान मोहम्मद के पीछे तक बरसाती पानी पहुंच गया है। रतिया रोड पर दोनों ओर बने मैरिज पैलेसों के तीनों तरफ बरसाती पानी फैल गया है। इससे पानी के पैलेसों में भी घुसने का खतरा पैदा हो गया।

**बीते साल बाढ़ ने मचाई थी तबाही**

बता दें कि पिछले साल 10 जुलाई के आसपास जिले में घग्घर का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया था और 15 जुलाई के आसपास पंजाब क्षेत्र में घग्घर टूटने और जाखल में ओवरफ्लो होने पर रतिया व जाखल क्षेत्र के गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे। अगले दो दिनों बाद रतिया, जाखल क्षेत्रों में कई जगहों से घग्घर और कई जगहों से रंगोई नाला टूटने से फतेहाबाद शहर तक बाढ़ पहुंच गई थी और डेढ़ महीने तक बाढ़ का पानी यहां इसी क्षेत्र में खड़ा रहा था। उस समय फतेहाबाद की एक लाख एकड़ कृषि भूमि बाढ़ की चपेट में आ गई थी जबकि सैंकड़ों ढाणियों व गांव की आबादी में पानी घुस गया था। लोगों को फतेहाबाद पलायन कर राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी थी। ट्यूबवेलों में पानी भर गया था वहीं मवेशियों के लिए चारे का संकट खड़ा हो गया था।

## मुलाकात...



नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार मुलाकात करते हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

## जेजेपी ने की अपने दो विधायकों को अयोग्य घोषित करने की अपील की

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने अपने चुनाव निशान पर विधायक बने दो एमएलए जोगीराम सिहाग और रामनिवास सुरजाखेड़ा के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की अपनी विधानसभा अध्यक्ष से की है। पार्टी कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने रिमाइंडर याचिका के जरिये विधानसभा अध्यक्ष से दोनों विधायकों की सदस्यता रद्द करने की मांग की है। रणधीर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान इन दोनों विधायकों ने जननायक जनता पार्टी के खिलाफ काम किया और अन्य राजनीतिक दल के उम्मीदवारों का प्रचार किया। साथ ही दोनों ने अन्य राजनीतिक दल के कार्यक्रम का मंच सांझा किया और भाषण दिया। जेजेपी ने दलबदल कानून के तहत मान्य विभिन्न सुबूत पहले ही विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिए हैं। रणधीर ने कहा कि दोनों विधायकों के खिलाफ पर्याप्त सुबूत हैं और विधानसभा अध्यक्ष को चाहिए कि जल्द सुनवाई कर दोनों को दलबदल कानून के तहत दोषी करार देकर अयोग्य घोषित करें।

- 16 मई को दी याचिका पर जेजेपी ने दिया रिमाइंडर

### दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर हादसा

## एक्सप्रेस-वे पर चलते डंपर में लगी आग

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर उस वक्त हडक्रंप मच गया जब एक चलते डंपर में आग लग गई। गनीमत रही की ड्राइवर और कंडक्टर समय रहते डंपर से नीचे कूद गए और अपनी जान बचाई अन्यथा एक बड़ा हादसा हो जाता। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन इस बीच पूरा डंपर जलकर खाक हो गया। जानकारी मुताबिक एक्सप्रेस-वे पर बजरी से भरा डंपर दिल्ली की ओर दिल्ली जा रहा था। जब डंपर दिल्ली जयपुर एक्सप्रेसवे पर उद्योग विहार के नजदीक पहुंचा तो डंपर से बदबू आने लगी। ड्राइवर ने जैसे ही डंपर को सडक़ किनारे लगाया वैसे ही आग की लपटों ने इसे पूरी तरह से घेर लिया। इस घटना के कारण एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया था जिसे ट्रैफिक पुलिस ने खुलवाया। फिलहाल इस घटना में किसी भी व्यक्ति के घायल होने की सूचना नही है। हालाकि आग लगने के असल कारण पता नही लग पाए है। एक तरफ जहां सीएनजी लीकेज के कारण आग लगना कारण माना जा रहा है तो वही दूसरी तरफ शॉर्ट सर्किट और डंपर के ओवरहीट के कारण आग लगना बताया जा रहा है।

- शॉर्ट सर्किट और डंपर के ओवरहीट को माना जा रहा कारण

### विस चुनाव से पहले उठ रही अलग राजधानी और हाईकोर्ट की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश के लिए अलग से राजधानी और हाईकोर्ट की मांग लगातार उठ रही है इसको लेकर बुद्धिजीवी वर्ग के लोग लगातार यह मांग यह कहते हुए उठा रहे हैं कि हरियाणा के लिए अलग राजधानी और हाई कोर्ट होना सांस्कृतिक राजनीतिक और आर्थिक हर लिहाज से जरूरी है। नरवाना में इस मुहिम को अप्रत्याशित समर्थन जनप्रतिनिधियों व विभिन्न किसान व सामाजिक संगठनों से मिला। मोर खाप के प्रधान रणधीर सिंह मोर ने कहा कि हरियाणा अलग होने के बाद हर किसी संगठन ने प्रदेश के असल मुद्दे को उठाने का काम किया है।

## बंपर भर्तियों की तैयारी में सूबे की नायब सरकार

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

सूबे की नायब सैनी सरकार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले बंपर भर्ती के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को डिमांड भेजने में लगी हुई है। अर्थात बेरोजगारों को रोजगार प्रदान कर एक तीर से कई निशाने साधने की तैयारी है। इस क्रम में राज्य के अंदर जहां एचकेआरएन के माध्यम से शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। वहीं चिकित्सकों, पुलिस कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया भी जल्द ही शुरु होने जा रही है।

प्रदेश के अंदर भर्तियों की प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है। राज्य में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए 11 जुलाई तक आवेदन मांगे गए हैं। स्कूलों में 26 हजार से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं। इनको भरने की मुहिम शुरू की जा रही है। इस बार कौशल रोजगार निगम के तहत बंपर भर्तियों के क्रम में हरियाणा के सरकारी स्कूलों में खाली पड़े पदों को भरने का अभियान शुरू किया जा रहा है।

भर्तियों के क्रम में पीआरटी, टीजीटी और पीजीटी अध्यापकों को पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं। इन पदों के लिए 11 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। टीजीटी, पीजीटी पदों के लिए एचटेट अनिवार्य रखा है। कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के खाली पड़े 3500 से अधिक पदों को भरने के लिए एचपीएससी के पास मांग जा चुकी है। बायोलॉजी, कॉमर्स, संस्कृत, गणित, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान और हिंदी के लिए अध्यापकों से आवेदन मांगे गए हैं। इसके अलावा डॉक्टरों की भर्ती आयोग से बाहर की गई है, अर्थात इसके लिए कमेटी बनाकर मेडिकल अफसरों की भर्ती कर ली जाएगी।पुलिस कर्मियों की भर्ती को लेकर पहले ही प्रक्रिया जारी है। जल्द ही आयोग इसमें भी तेजी लाने जा रहा है। इस तरह से चुनाव से पहले पहले युवाओं को रोजगार देकर राज्य की नायब सैनी सरकार एक तीर से कई निशाने साधने का काम करेगी।

- शिक्षकों, चिकित्सकों और पुलिस कर्मियों की भर्ती की तैयारी

**टीजीटी छह विषयों के लिए आवेदन**

टीजीटी सोशस स्टडीज, साइंस, हिंदी, संस्कृत, गणित, अंग्रेजी विषय शामिल हैं। जबकि पीजीटी में कुल आठ विषय इससे पहले भी, एचकेआरएन के माध्यम से स्कूलों में अध्यापकों की भर्ती हो चुकी है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने भी 1200 पीआरटी पदों की भर्ती निकाली है, लेकिन भर्ती में लंबा समय लगता है। एचएसएससी और एचपीएससी की भर्ती प्रक्रिया भी काफी लंबी है। इसलिए सरकार इसे समय रहते भरने की तैयारी में हैं। अर्थात अस्थाई भर्ती करने जा रही है अभी 26 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं।




### रिपोर्ट में कहा गया, बैंक अभी अच्छी स्थिति में

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में विनिवेश को आगे बढ़ाने का समय : एसबीआई रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) में विनिवेश को आगे बढ़ाना चाहिए क्योंकि वे अच्छी स्थिति में हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक शोध विभाग ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में मौजूदा सरकारी बैंकों को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया है।

- सरकार को अभी विनिवेश को लेकर आगे बढ़ना चाहिए

'केंद्रीय बजट 2024-25 की प्रस्तावना' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया है, 'चूंकि बैंक अच्छी स्थिति में हैं, इसलिए सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विनिवेश को लेकर आगे बढ़ना चाहिए।' इसमें आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के संबंध में कहा कि सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) बैंक में लगभग 61 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

**खास बातें**

- आईडीबीआई बैंक का सरकार विनिवेश कर रही
- एलआईसी भी बैंक में अपनी 61 फीसदी हिस्सेदारी बेच रही




### 2022 में आमंत्रित की गई थी बोलियां

रिपोर्ट के अनुसार, 'उन्होंने अक्टूबर, 2022 में खरीदारों से बोलियां आमंत्रित कीं। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) को जनवरी, 2023 में पेशकश पर आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी के लिए कई रुचि पत्र प्राप्त हुए। हमें उम्मीद है कि सरकार बजट में इसे स्पष्ट करेगी।'

### आईडीबीआई में सरकार की 45 फीसदी हिस्सेदारी

वर्तमान में, आईडीबीआई बैंक में सरकार की 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है और (एलआईसी) की 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि सरकार को जमा ब्याज पर कर में बदलाव करना चाहिए और म्यूचुअल फंड तथा शेयर बाजारों के अनुरूप विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर एक जैसा व्यवहार करना चाहिए।

### कासा में हो सकेगी वृद्धि

इसमें कहा गया है, 'वित्त वर्ष 2022-23 में घरेलू शुद्ध वित्तीय बचत घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.3 प्रतिशत हो गई और 2023-24 में इसके 5.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। यदि हम म्यूचुअल फंड के अनुरूप जमा दर को आकर्षक बनाते हैं, तो इससे घरेलू वित्तीय बचत और चालू खाता और बचत खाता (कासा) में वृद्धि हो सकती है।'

### सरकार को अधिक जीएसटी मिलेगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि चूंकि यह राशि जमाकर्ताओं के हाथ में होगी, इससे अतिरिक्त खर्च हो सकता है और इस तरह सरकार को अधिक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व मिलेगा। इसमें कहा गया है, बैंक जमा में वृद्धि से न केवल मूल जमा आधार और वित्तीय प्रणाली में स्थिरता आएगी बल्कि घरेलू बचत में भी वित्तीय स्थिरता आएगी।

### समाधान तक पहुंचने में समय ज्यादा लग रहा

आईबीसी के माध्यम से वसूली वित्त वर्ष 2023-24 में 32 प्रतिशत रही और वित्तीय कर्जदाताओं ने अपने दावों का 68 प्रतिशत गंवाया। इसमें कहा गया है कि समाधान तक पहुंचने में 330 दिन के बजाय 863 दिन का समय लग रहा है।

## बजट में कर राहत पर जोर होना चाहिएः उद्योग जगत

**नई दिल्ली(भाषा)।** वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट में करदाताओं, खासकर निम्न आय वर्ग के लोगों को राहत देने पर ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि खपत को बढ़ावा मिल सके। उद्योग जगत के लोगों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को यह सुझाव दिया है। सीतारमण 23 जुलाई को 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करने वाली हैं, जो नयी सरकार का पहला प्रमुख नीति दस्तावेज होगा। उद्योग जगत ने वित्त मंत्री से कॉरपोरेट कर को कम करने, कर छूट को चरणबद्ध ढंग से खत्म करने और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कर आधार को व्यापक बनाने का भी आग्रह किया। उद्योग मंडली एसोचैम ने कहा, ''अनुपालन में सुधार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए कर प्रणाली को युक्तिसंगत और सरल बनाना चाहिए। कर व्यवस्था को अधिक कुशल और न्यायसंगत बनाने के लिए कॉरपोरेट कर दरों को कम करने, कर छूट को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने और कर आधार को व्यापक बनाने जैसे उपायों पर विचार करना चाहिए।''

**NOTICE**

I, Praveen Bansal S/o Sh. Devkinand Aggarwal R/o H. No. 1/60, West Punjabi Bagh, West Delhi-110026 declare that I have lost my blood deed in the name of Praveen Bansal document no. 1663 dt. 29/05/2018 Book No. 1 Mustkila No 25/17/2, Area 2085 Sq. Yard Rakba Hasanpur MIE Bahadurgarh Part-1. Somewhere on 28.06.2024 at Punjabi Bagh, Delhi.

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Sonia Sheokand
Additional Civil Judge
(Senior Division), Bahadurgarh
ANJU
Vs.
GENERAL PUBLIC
CNR No. HRJRA0-000476-2024
Next Date:- 28-08-2024
PUBLICATION ISSUED TO:
GENERAL PUBLIC : GENERAL PUBLIC

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **28-08-2024 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jhajjar*

Sd/- Additional Civil Judge,
(Senior Division), Bahadurgarh
Dated, this day of 05.07.2024

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द आगार व उसके उपकेन्द्र नरवाना / उचाना / सफीदों व जुलाना बस स्टैण्डों पर स्थित खाली दुकानों / बूथों की नीलामी (किराये पर) महाप्रबन्धक कार्यालय, नया बस स्टैण्ड जीन्द में दिनांक 18-07-2024 को प्रातः 11:00 बजे होगी। अधिक जानकारी हेतू इस कार्यालय के भवन लिपिक से किसी भी कार्यदिवस पर सम्पर्क करें।

हस्ता/- महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द
पीआरडीएच-1119/11/514/2025/27558/88/6 दि. 08.07.24

**Office of Municipal Committee, Beri**
Email-E-mail: secy.mc.beri@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बेरी क्षेत्र में स्थित पार्कों की देख- रेख कार्य नगर पालिका द्वारा करवाया जा रहा था। लेकिन हाल ही में सरकार द्वारा एक नीति बनाई गई है जिसके द्वारा पार्कों की देख-रेख का कार्य स्थानीय Resident Welfare Associates/ Non-Government Organization/Associations द्वारा करवाने हेतू अनुरोध किया है। अतः सम्बंधित स्थानीय Resident Welfare Associates/ Non-Government Organization/ Associations को नगर पालिका बेरी में पार्कों की देख-रेख का कार्य अलॉट करने हेतू दिनांक 11-07-2024 से 18-07-2024 तक आवेदन करने का समय दिया जाता है। इच्छुक स्थानीय Resident Welfare Associates/ Non-Government Organization/ Associations उपरोक्त दिनांक में नगर पालिका बेरी की तकनीकी शाखा में सम्पर्क कर आवेदन कर सकते है।

--हस्ता--
सचिव,
नगर पालिका बेरी।
संवाद-1078/11/502/2025/27599/C/88/6 दि. 08.07.24

## आई.टी. क्षेत्र में पतंजलि अब करेगा नई क्रांति : स्वामी रामदेव

**हरिद्वार।** पतंजलि के आईटी. संस्थान भरूआ सॉल्यूशन्स के तत्वाधान में पतंजलि विश्वविद्यालय स्थित ऑडिटोरियम में ''कॉरपोरेट ट्रेनिंग फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट/कोर स्किल'' विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के समापन अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव ने कहा कि आईटी. क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान भरूआ में निहित है। पतंजलि के आई.टी. संस्थान भरूआ ने पतंजलि के साथ-साथ कई कम्पनियों में अपनी आई. टी. स्किल्स का लोहा मनवाया है। हाल ही में भरूआ ने कई विख्यात कम्पनियों के साथ आई. क्षेत्र में करार किए हैं, आई.टी.क्षेत्र में पतंजलि अब नई क्रांति करेगा। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि को पूरी दुनिया योग व आयुर्वेद के संदर्भ में जानती है। हमने भरूआ सॉल्यूशन्स के रूप में आईटी. के क्षेत्र में कदम रखा है। भरूआ ऐसे ही आई. टी. कम्पनी नहीं बनी, यह पूर्ण समर्पण का परिणाम है। भरूआ की उपलब्धि है कि आज आईटी. क्षेत्र में भरूआ के 8 पेटेंट हैं। वेल्सपन कम्पनी में भरूआ के प्रोडक्ट ही संचालित हैं। इसी प्रकार मदर डेयरी, अमूल, सिंटेक्स, रेलवे, नई संसद भवन की कैंटीन का सभी काम भरूआ सॉल्यूशन्स द्वारा किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 एयरपोर्ट के डाटा को सेन्ट्रलाइज व मौनिटरिंग के लिए भी भरूआ को आर्डर मिला है। उन्होंने बताया कि आज पतंजलि की आईटी. आवश्यकताओं को भरूआ सॉल्यूशन्स पूरा कर रहा है। पतंजलि के आईटी. संस्थान भरूआ के पास वर्ल्ड क्लास ढांचे व सभी सर्टिफिकेशन उपलब्ध हैं।

- ''कॉरपोरेट ट्रेनिंग फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट/कोर स्किल' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जुलाना | संकट मोचन पम्प (जीन्द रोड) के सामने से राजेन्द्र खेत तक राजस्व रास्ता नं. 479, 480 का निर्माण। | बंद होने की तिथि 11.07.2024 | 68.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7206353677 seomcjulana@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27580/I/88/6 दि. 08.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | वार्ड नं. 2, एम.सी. झज्जर में पालिका बाजार से पीर बाबा तक सीसी गली और अन्य विभिन्न ब्रांच गलियों का निर्माण + 23 कार्य। | 05.07.2024 15.07.2024 | 2.72 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27573/I/88/6 दि. 08.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न सम्पर्क सड़क मार्केट कमेटी अलेवा ग्रुप-1, रोड आईडी-9570, 3074, 6830, 7901, 9571 की वार्षिक मरम्मत + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.07.2024 | 55.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 eejind37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27578/I/88/6 दि. 08.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका जाखल मंडी | एम.सी. जाखल मण्डी के क्षेत्र में ट्राईकलर लाइट की आपूर्ति व स्थापना और एलईडी लाइट्स स्थापना (रखरखाव)। | 06.07.2024 15.07.2024 | 10.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896048048 MCJAKHALMANDI@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27572/I/88/6 दि. 08.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | एक वर्ष हेतु नारनौल और रेवाड़ी में हैफेड आयल मिल्स के सरसों बीज की क्रशिंग, तेल के उत्पादन, पैकिंग और श्रमिक प्रचालन इत्यादि हेतु सभी प्रचालनों की आउटसोर्सिंग के लिए ई-निविदा। | बंद होने की तिथि 29.07.2024 | 5 लाख | www.hafed.gov.in | 1722585912 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27604/I/88/6 दि. 08.07.24

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1373

मनकि रणसिहं पुत्र रघबीर पुत्र हरचन्द, निवासी एवं बिस्वेदार गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2019-20, के अनुसार खेवट न0 327मिन/270, खाता न0 333मिन, मु0 न0 15, किला न0 23(8-0), 24/1(1-16), मु0 न0 24, किला न0 25/2(7-1), मु0 न0 28, किला न0 3/1(3-2), मु0 न0 33, किला न0 11(8-0), मु0 न0 35, किला न0 7(8-13), किते 6, तादादी रकबा 36 कनाल 12 मरले का 1/3 भाग, बकदर 12 कनाल 4 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से 40/183 भाग, बकदर 8 कनाल 0 मरला व खेवट न0 327मिन/270, खाता न0 333मिन, मु0 न0 49, किला न0 10(8-0), 11/1(3-11), मु0 न0 50, किला न0 15(8-0), 16(8-0), 25/2(5-4), मु0 न0 52, किला न0 5/2(1-15), किते 6, तादादी रकबा 34 कनाल 10 मरले का 1/3 भाग, बकदर 11 कनाल 10 मरले, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 19 कनाल 10 मरले (2.4375 एकड़) वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर का तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 33, किला न0 11(8-0), मु0 न0 49, किला न0 10 मिन उत्तर (0-8), मु0 न0 50, किला न0 16 मिन दक्षिण (4-3), 25/2(5-4), मु0न0 52, किला न0 5/2(1-15) किते 5, तादादी रकबा 19 कनाल 10 मरले (2.4375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 08.07.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 17/2024** **प्रकाशन की तिथि : 06.07.2024**

आयोग निम्नानुसार विवरण सहित निम्नलिखित पद के लिये पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है :-

i) पद का नाम : **महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा में न्यूट्रीशनिस्ट (महिला) राजपत्रित।**

ii) पदों का श्रेणीवार विभाजन :

| श्रेणियां | पदों की सं. |
|---|---|
| सामान्य / अनारक्षित | 01 |
| कुल | 01 |

(ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : **10.07.2024**
(बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : **30.07.2024 अप. 11:55 बजे तक**
(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : **30.07.2024 अप. 11:55 बजे तक**

अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला
दिनांक : 05.07.2024
संवाद-1156/13/258/2025/27554/88/6 दि. 08.07.24

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## मुनाफावसूली से सेंसेक्स में 36 अंक की मामूली गिरावट

**मुंबई।** हाल की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स सोमवार को मामूली 36.22 अंक की हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी लगभग स्थिर बंद हुआ। किसी ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी घरेलू शेयर बाजार की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरुआत कमजोर रही। अंत में यह 36.22 अंक की मामूली गिरावट के साथ 79,960.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 264.77 अंक तक नीचे चला गया था। निफ्टी भी 3.30 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र गिरावट के साथ 24,320.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा मोटर्स के शेयरों में बढ़त का रुख रहा।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## सोना 100 रुपए मजबूत, चांदी में 870 रुपए का उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 100 रुपये की तेजी के साथ 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,310 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इसके अलावा चांदी की कीमत भी 870 रुपये बढ़कर 94,270 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 93,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें (24 कैरेट) 73,410 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं, जो पिछले बंद भाव से 100 रुपये अधिक है।'' वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,373 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 10 डॉलर अधिक है। इसके अलावा चांदी भी बढ़त के साथ 30.93 डॉलर प्रति औंस पर रही।

### शब्द पहेली - 5566




**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -5565 का हल



# टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन भारत के 15 खिलाड़ियों को मिलेंगे 5-5 करोड़, कोच द्रविड़ को 2.5 और रिजर्व प्लेयरों में बंटेंगे 1-1 करोड़

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 125 करोड़ रुपए कैश प्राइज देने की घोषणा किया था। इस 125 करोड़ रुपए में से 15 खिलाड़ियों को 5-5 करोड़ रुपए मिलेंगे, जिनमें तीन ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। चार रिजर्व खिलाड़ी बल्लेबाज रिंकू सिंह और शुभमन गिल, तेज गेंदबाज आवेश खान और खलील अहमद को भी 1 करोड़ रुपए मिलेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम ने यादगार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया है। 29 जून 2024 को ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में खेले गए फाइनल में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से शिकस्त दी थी। भारतीय टीम ने दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इससे पहले उसने महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में 2007 के सीजन में टी20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।

### बीसीसीआई ने सौंपा था 125 करोड़ रुपए का चेक

टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने बंपर प्राइज मनी का ऐलान किया था। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बताया था कि भारतीय टीम को बतौर प्राइज मनी 125 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। मुंबई में हुई विक्ट्री परेड के बाद बीसीसीआई ने टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपए का चेक सौंप भी दिया था। शाह ने कहा था कि खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ, कोच और चयनकर्ताओं के बीच ये प्राइज मनी बांटी जाएगी।




### कोचिंग स्टाफ के चार मेंबर्स को 2.5-2.5 करोड़ रुपए

मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ-साथ बाकी कोचिंग स्टाफ बैटिंग कोच विक्रम राठौर, फील्डिंग कोच टी दिलीप, बॉलिंग कोच पारस महाम्ब्रे को 2.5-2.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, बाकी बैकरूम स्टाफ को भी इनाम दिया जाएगा। तीन फिजियोथेरेपिस्ट, तीन थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट्स, दो मसाज थेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच को 2-2 करोड़ रुपए मिलेंगे। तीन फिजियोथेरेपिस्ट में कमलेश जैन, योगेश परमार और तुलसी राम युवराज शमिल हैं। तीन थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट्स राघवेंद्र दवगी, नुवान उदेनेके और दयानंद गरानी हैं। दो मसाज थेरेपिस्ट राजीव कुमार, अरुण कनाडे और सोहम देसाई स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच हैं।

### 42 सदस्यीय दल

बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप में भाग लेने गए भारतीय दल में कुल 42 लोग थे। इनमें टीम के वीडियो एनालिस्ट, टीम के साथ यात्रा करने वाले बीसीसीआई के स्टाफ मेम्बर्स (जिसमें मीडिया अधिकारी भी शामिल हैं) और टीम के लॉजिस्टिक्स मैनेजर भी शामिल हैं। बाकी के 10.5 करोड़ रुपए इनके बीच ही आवंटित होंगे।

### 15 सदस्यीय भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज। **ट्रैवलिंग रिजर्व:** रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान, शुभमन गिल।

## खबर संक्षेप



### जयसूर्या श्रीलंका के अंतरिम कोच नियुक्त

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनत जयसूर्या को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला से पहले टीम का अंतरिम मुख्य कोच नामित किया गया है। देश के बोर्ड का कहना है कि अगले कुछ महीनों में 'स्थायी समाधान' मिलने तक वह टीम का मार्गदर्शन करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति हैं। भारतीय टीम 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

### रेहान पेशेवर टूर्नामेंट में शीर्ष 10 में शामिल

**रबात।** भारत के रेहान थॉमस ने 20 लाख डालर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी दूसरी पेशेवर प्रतियोगिता में ही शीर्ष 10 में जगह बनाई। दुबई में रहने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने चार दौर में 69-73-69-72 का स्कोर बनाया। उनका कुल योग नौ अंडर रहा जिससे वह संयुक्त आठवें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता में भारत के 16 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिनमें से केवल पांच खिलाड़ी कट में जगह बना पाए थे। भारतीय खिलाड़ियों में रेहान का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।



### अमित-जेना को 15-15 लाख देने की घोषणा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को हॉकी खिलाड़ी अमित रोहिदास और दिग्गज भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना के लिए 15-15 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। ये दोनों पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार माझी ने उम्मीद जताई कि प्रोत्साहन राशि ओडिशा के दो खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवांवित करने के लिए प्रेरित करेगी।




### विंबलडन : 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ दर्ज की जीत

# विंबलडन : सिनर अंतिम-8 में, लुलु सन का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन, गॉफ बाहर

एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग में कोको गॉफ को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। सिनर ने 14वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन के खिलाफ 6-2, 6-4, 7-6 (9) से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच कार्लोस अल्काराज और टॉमी पॉल के बीच खेला जाएगा। गत चैंपियन अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हरा कर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेदवेदेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव के पहले सेट में पांव पर चोट लग जाने के कारण बाहर हो जाने से अंतिम आठ में प्रवेश किया।




### 14 साल में पहली बार कोई क्वालीफायर क्वार्टर में पहुंची

क्वालीफायर लुलु सन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है जहां उनका मुकाबला डोना वेकिच से होगा। सन ने 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। यह 2010 के बाद पहला अवसर है जबकि महिला वर्ग में किसी क्वालीफायर ने अंतिम आठ में प्रवेश किया। वेकिच ने बारिश से प्रभावित एक अन्य मैच में पाउला बडोसा को 6-2, 1-6, 6-4 से हराया।

### कीज हटी, जीती नवारो



महिला वर्ग में मेडिसन कीज के तीसरे सेट में 5-5 के स्कोर पर हट जाने के कारण जैस्मीन पाओलिनी ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पाओलिनी का अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने मौजूदा अमेरिकी ओपन चैंपियन गॉफ को 6-4, 6-3 से हराया।

### आमंत्रण

# मालदीव जश्न मनाने आएं टी20 चैंपियन भारतीय टीम




एजेंसी ▶▶| माले

मालदीव के पर्यटन संघ और उसके विपणन एवं जनसंपर्क निगम ने हाल ही में टी20 विश्व चैंपियन बनी भारतीय क्रिकेट टीम को जीत का जश्न मनाने के लिए अपने देश आमंत्रित किया है।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने बारबडोस में 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दोनों निकायों ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'मालदीव मार्केटिंग एंड पब्लिक रिलेशंस कॉरपोरेशन' ने 'मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म इंडस्ट्री' के सहयोग से भारतीय राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को एक विशेष और खुला निमंत्रण दिया है।' एमएमपीआरसी मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक इब्राहिम शिउरी और एमएटीआई के महासचिव अहमद नजीर ने संयुक्त बयान में कहा कि वे टीम की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। इस बयान में कहा गया, 'हमें आपकी मेजबानी करने और आपके प्रवास के दौरान यादगार क्षणों, विश्राम और बेहतरीन अनुभवों को सुनिश्चित करने में गर्व महसूस होगा।'

### कुछ दिनों से सपनों में जी रहा हूं : बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों के टी20 विश्व कप का चैंपियन बनने के बाद स्वदेश में मिले शानदार स्वागत के लिए आभार व्यक्त करने की कड़ी में गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने कहा कि वह पिछले कुछ दिनों से सपनों में जी रहे हैं। बुमराह ने टी20 विश्व कप में भारत की 17 साल बाद खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। बुमराह ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मैं पिछले कुछ दिनों से बहुत आभारी हूं। मैं सपनों में जी रहा हूं और इसने मुझे खुशी और कृतज्ञता से भर दिया है।'

### वीर ह्यूस्टन स्क्वाश के फाइनल में हारे

नई दिल्ली। भारत के वीर चोतरानी ह्यूस्टन में 9000 डॉलर इनामी पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता कान्सो ओपन स्क्वाश के फाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद अशाब इरफान से पांच गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार गए। विश्व में 106वें स्थान पर काबिज और यहां चौथे वरीय चोतरानी ने दो बार वापसी करके बराबरी की लेकिन तीसरी वरीयता प्राप्त इरफान ने रविवार को खेले गए फाइनल में निर्णायक गेम अपने नाम करके खिताब जीता। पाकिस्तान के खिलाड़ी में 80 मिनट तक चले इस मैच में 11-7 8-11 12-10 8-11 11-8 से जीत दर्ज की।

# क्रिकेटर अश्विन ने खरीदी ग्लोबल चेस लीग में टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अमेरिकन गैम्बिट्स टीम के सह मालिक बन गए हैं जो ग्लोबल चेस लीग के दूसरे सत्र में हिस्सा लेने वाली नई टीम है।

जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के संयुक्त स्वामित्व वाली लीग है। लंदन में तीन से 12 अक्टूबर तक होने दूसरे सत्र के लिए लीग ने सोमवार को छह फ्रेंचाइजी को पेश किया। जाने माने व्यवसायी प्रचुर पीपी, वेंकट के नारायण और अश्विन के स्वामित्व वाली अमेरिकन गैम्बिट्स टूर्नामेंट में चिंगारी गल्फ टाइटंस की जगह लेगी। एक प्रेस विज्ञप्ति में अश्विन के हवाले से कहा गया, 'हम अमेरिका गैम्बिट्स को शतरंज जगत के सामने पेश करके रोमांचित हैं। रणनीतिक प्रतिभा और अटूट दृढ़ संकल्प के मिश्रण के साथ हमारी टीम खेल को फिर से परिभाषित करने का लक्ष्य रखती है। सह मालिक के रूप में मैं उनकी यात्रा का गवाह बनने और उनकी सफलता में योगदान देने के लिए उत्साहित हूं।'




# पेरिस ओलंपिक में भारत के मिशन प्रमुख होंगे नारंग, सिंधू और कमल ध्वजवाहक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के मिशन प्रमुख के रूप में मुक्केबाज मेरीकोम की जगह ली। पेरिस खेलों के उद्घाटन समारोह में दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बताया कि मेरीकोम के इस्तीफे के बाद उप मिशन प्रमुख नारंग को मिशन प्रमुख बनाया जाना स्वतः पसंद थी। उषा ने विज्ञप्ति में कहा, "मैं अपने दल की अगुआई के लिए ओलंपिक पदक विजेता को ढूंढ रही थी और मेरे युवा साथी मेरीकोम के उपयुक्त विकल्प हैं।" नारंग भारतीय दल का मिशन प्रमुख बनने की दौड़ में शामिल हैं। उषा ने कहा, "मुझे यह घोषणा करते हुए भी खुशी हो रही है कि दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की एकमात्र महिला खिलाड़ी पीवी सिंधू उद्घाटन समारोह में टेबल टेनिस खिलाड़ी ए शरत कमल के साथ महिला ध्वजवाहक होंगी।" उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने के लिए अच्छी तरह तैयार हैं।" छह बार की विश्व चैम्पियन मेरीकोम ने अप्रैल में पद से यह कहकर इस्तीफा दे दिया था कि निजी कारणों से उनके पास इसके अलावा कोई चारा नहीं है। मिशन प्रमुख महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद है। मिशन प्रमुख खिलाड़ियों की जरूरतों का ध्यान रखने के साथ आयोजन समिति के साथ संपर्क सूत्र का भी काम करता है। सिंधू उद्घाटन समारोह में टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल के साथ भारत की ध्वजवाहक होंगी।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

| | |
|---|---|
| नीलामी कैटलॉग सं. | UMB-CtgNLDM0124 |
| प्रारंभ होने की तिथि व समय | 10.07.2024 को 15:00 बजे |
| रेट यूनिट | वार्षिक लाइसेंस फीस |
| लॉट सं. एवं विवरण | Catg-UMB-NLDM-SMU-68-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी की महिला के लिए स्टाल सं. 2, प्लेटफॉर्म नं. 2 नंगलडैम रेलवे स्टेशन पर) |
| नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय | 10.07.2024 को 15:30 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। 2081/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### सीरीज 1-1 से बराबर करने की चुनौती

# अफ्रीका के खिलाफ भारत की जंग आज

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय महिला टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में मंगलवार को यहां आखिरी मैच में जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान में उतरेगी तक उसके सामने जीत दर्ज कर इसे 1-1 से बराबर करने की चुनौती होगी। इसके लिए हालांकि भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा उठाना होगा जिसके खिलाफ दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में नौ विकेट पर 189 रन बनाकर 12 रन से जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में बारिश के कारण भारत को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन गेंदबाजों ने इस मुकाबले में भी छह विकेट पर 177 रन लुटाए थे। तीसरे टी20 में पर भी खराब मौसम का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि मंगलवार को भी बारिश की 30 से 40 प्रतिशत संभावना है।



दोनों मैचों में दो-दो विकेट लेने वाली पूजा वस्त्राकर और स्पिनर दीप्ति शर्मा को छोड़कर, अधिकांश भारतीय गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे है।

रेणुका सिंह के पहले मैच में असरहीन रहने के बाद दूसरे मुकाबले में सजीवन सजना को मौका मिला लेकिन इससे भी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। श्रेयंका पाटिल और राधा यादव ने रविवार को एक-एक विकेट लिया लेकिन यह दोनों गेंदबाज भी रन रोकने में नाकाम रहे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर चाहेंगी कि श्रृंखला दांव पर होने के कारण उनके गेंदबाज कड़ी मेहनत करें।

**MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)**

**PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE**

| Sr. NO. | NAME OF DEPARTMENT/ BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/ NOTICE/TENDER | Bid Submission Start Date & Bid Submission End Date & Bid Opening Date | Tender Value in ₹ | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REF. NO/ TENDER NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Satpal Pardhan to House of Subhash in Ward No. 12 in MC Uchana. | 18-Jun-2024 09:00 AM & 24-Jun-2024 05:00 PM & 25-Jun-2024 10:00 AM | 8,47,080 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_379562_1 |
| 2 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Jai Narayan to House Ramchander in Ward No. 10 in MC Uchana | 18-Jun-2024 09:00 AM & 24-Jun-2024 05:00 PM & 25-Jun-2024 10:00 AM | 8,43,451 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_379554_1 |
| 3 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Hariom to House of Pandu in Ward No. 10 in MC Uchana. | 18-Jun-2024 09:00 AM & 24-Jun-2024 05:00 PM & 25-Jun-2024 10:00 AM | 8,44,672 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_379542_1 |
| 4 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB from House of Subhash to Rammher in Ward No. 12 in MC Uchana. | 18-Jun-2024 09:00 AM & 24-Jun-2024 05:00 PM & 25-Jun-2024 10:00 AM | 3,20,550 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_379564_1 |

Sd/- Secretary
Municipal Committee Uchana

## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ अब निर्णायक एक्शन का वक्त

जम्मू-कश्मीर में स्थिति गंभीर होती जा रही है। आतंकियों ने अब कठुआ में सेना के वाहन पर हमला किया, चार जवान शहीद हुए। दो महीने में सेना के वाहन पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले 4 मई को पुंछ के शाहसितार इलाके में एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था। वहीं दो दिन में यह सेना पर दूसरा हमला है। गत रविवार की सुबह आतंकियों ने राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में एक आर्मी कैंप पर हमला किया था। आतंकियों ने सेना पर यह हमला तब किया जब पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम कठुआ जिले के मचहेड़ी क्षेत्र में तलाशी ले रही थी। इस साल जनवरी से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में एक के बाद एक कई आतंकी हमले हो चुके हैं। अभी जब केंद्र में मोदी सरकार की तीसरी बार वापसी हुई है, तब से आतंकी हमलों में वृद्धि हुई है। दहशतगर्दों ने इस साल 12 जनवरी को पुंछ में सेना के वाहन पर आतंकी हमला किया था। इससे पहले 21 दिसंबर को सुनारकोट में सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ। 6 व 7 जुलाई को कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग हुई। इसमें 2 जवान शहीद हुए, 6 आतंकी मारे गए। जून में 7 आतंकी घटना हुई है, जिसमें 9 आतंकी मारे गए। 9 जून से 12 जून के बीच 3 आतंकी हमले हुए। कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले में पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ), हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी गुटों का हाथ बताया जाता है। ये ऐसे आतंकी गुट हैं, जिनके तार पाकिस्तान से जुड़े हैं। जम्मू-कश्मीर में मोदी सरकार के पहले कार्यकाल से ही आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन चल रहा है, एक समय लगा कि घाटी से आतंकवाद का करीब - करीब सफाया हो गया है, आतंकियों की औसत उम्र छह माह से भी कम हो गई थी। पत्थरबाजी पर अंकुश लगा, लेकिन इधर छह महीनों में आतंकी घटनाओं में तेजी आई है। पाक प्रायोजित आतंकी गुटों ने कश्मीर को फिर से अशांत करना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान बेशक आर्थिक रूप से जर्जर हो, लेकिन पाक फौज और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम अनवरत जारी रखी हुई हैं। पाक एस्टाब्लिशमेंट की भारत व पाक नियंत्रण रेखा एलओसी (लाइन ऑफ कंट्रोल) पर आतंकियों की भारत में घुसपैठ कराने की हमेशा कोशिश रहती है, कश्मीर में होने वाले अधिकांश आतंकी हमले में पाक घुसपैठिए आतंकवादी शामिल रहते हैं। यह साफ है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अभी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भारत ने आतंकवाद का मुद्दा मुखरता से उठाया था और एससीओ को अपना स्टैंड साफ करने के लिए कहा था। चीन के आधिपत्य वाले एससीओ में भारत व पाकिस्तान भी सदस्य हैं, ऐसे में पाकिस्तान पर भारत के खिलाफ आतंकवाद बंद का दबाव आवश्यक है। हालांकि चीन का पाक के आतंकवाद पर ढुलमुल रवैया रहा है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ एक्शन को और कठोर बनाना होगा, कश्मीर में दहशतगर्दों के सफाये के साथ पाक में बैठे भारत विरोधी आतंकी गुटों के खिलाफ भी ठोस कार्रवाई करनी होगी। पाकिस्तान पर आतंकवाद के खात्मे का दबाव बढ़ाना होगा। दूसरी बार देश के गृहमंत्री बनने के बाद अमित शाह ने कहा है कि राजग सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक एक्शन लेगी, तो अब वह समय आ गया है।

# हंगामा नहीं, विमर्श का समय



**नई लोकसभा**
कैप्टन अभिमन्यु

**संसद के विशेष सत्र में विपक्ष के हंगामे को समूचे देश ने देखा। अब 22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। तो क्या इस सत्र में भी विपक्ष का यही रूप रहेगा? एक दशक में संसद कामकाज से अधिक हंगामे, शोर-शराबे और जनप्रतिनिधियों-दलों के अवसरवादी आचरण के कारण चर्चा में रही है। अब सवाल है कि आखिर ऐसी परिस्थिति आई क्यों? इसके लिए हम किसे जिम्मेदार ठहरा सकते हैं या किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? जाहिर तौर पर नकारात्मक राजनीति का लाभ किसी को हासिल नहीं होगा। इसकी कीमत विपक्ष को भी चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से दलहित-निजी हित से ऊपर उठ कर नई लोकसभा में अपना योगदान देने का आह्वान किया है।**

अठारवीं लोकसभा का आगाज 24 जून को विशेष सत्र से हो चुका है। हमेशा की तरह पहले सदस्यों ने शपथ ली, लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हुआ, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संयुक्त सत्र में अभिभाषण हुआ। अभिभाषण पर चर्चा के साथ देश की सबसे बड़ी पंचायत में कामकाज की शुरुआत हो गई। यह संक्षिप्त सत्र था, तो भी विपक्ष ने मर्यादित रहना उचित नहीं समझा। पीएम नरेन्द्र मोदी के धन्यवाद प्रस्ताव संबोधन के दौरान विपक्ष की अनवरत नारेबाजी ने खलल डाला। संसद में विपक्ष के हंगामे को समूचे देश ने देखा। यह चिंता की बात है कि क्या संसद में सुनने-सुनाने का सामान्य शिष्टाचार भी खत्म हो रहा है? अब 22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। तो क्या इस सत्र में भी विपक्ष का यही रूप रहेगा? जबकि पीएम मोदी की राजग सरकार के लिए अगले पांच साल महत्वपूर्ण रहने वाले हैं, जिसमें संसद की भी अहम भूमिका होगी। राजग के इसी कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। इसी कार्यकाल में 'एक देश एक चुनाव' पर किसी नतीजे पर पहुंचने की कोशिश होगी। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर सशक्तिकरण का द्वार भी इसी कार्यकाल में खुलना है। यही कार्यकाल भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की दशा और दिशा तय करने में भी भूमिका निभाएगा। सवाल है कि क्या नई लोकसभा में हमें विभिन्न दलों में कुछ कर दिखाने की सामूहिक संकल्प शक्ति प्रदर्शित करने की उम्मीद रखनी चाहिए? यह सवाल बेहद जरूरी है। जरूरी इसलिए कि एक दशक में संसद कामकाज से अधिक हंगामे, शोर-शराबे और जनप्रतिनिधियों-दलों के अवसरवादी आचरण के कारण चर्चा में रही है। संसद में सुचारू कामकाज के संचालन के प्रति दलों में घटती जवाबदेही ने संस्थागत विश्वसनीयता को बेहद कमजोर किया है। आम जनमानस में देश की सबसे बड़ी पंचायत की छवि धूमिल हुई है। ऐसे में यह सवाल प्रासंगिक है कि क्या विभिन्न दल और उसके प्रतिनिधि अतीत से सबक लेते हुए संसद की कम होती जा रही विश्वसनीयता के प्रति चिंता दर्शाएंगे, या फिर भविष्य में नई लोकसभा के पन्ने भी कामकाज, शुचिता, प्रतिबद्धता की जगह हंगामे और बेवजह के शोर के अध्याय से भरे पड़े होंगे?

अतीत की, खास कर बीते दो-तीन लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल की समीक्षा करें तो एक बेहद निराशाजनक तस्वीर सामने आती है। ये तस्वीर बताती है कि कैसे भारतीय राजनीति और संसद में राजनीतिक दलों-नेताओं के बीच मतभेद की जगह मनभेद ने गहरे तक जड़ें जमा ली हैं। मसलन पिछली लोकसभा ने सबसे कम बैठकों का कीर्तिमान बनाया। केवल 274 बैठकें हुई जो औसत 468 बैठकों से बहुत कम है। इस दौरान वित्त विधेयक को छोड़ कर 179 विधेयक पारित किए गए। चिंताजनक तथ्य यह है कि इनमें से 35 प्रतिशत विधेयकों को पारित कराने में एक घंटे से भी कम समय लगा। सिर्फ 30 प्रतिशत विधेयकों पर ही लगभग तीन घंटे से अधिक की चर्चा हुई। जरा सोचिये, संसद में पारित विधेयक कानून का रूप अख्तियार कर 140



करोड़ लोगों का भविष्य तय करते हैं। बावजूद इसके विधेयकों पर चंद मिनट की चर्चा की औपचारिकता निभाना, देश की सबसे बड़ी पंचायत की कैसी छवि बनाएगा? बात यहीं तक सीमित नहीं है। संसद का सबसे महत्वपूर्ण अंग संसदीय समितियां लगातार निष्प्रभावी होती जा रही हैं। विधेयकों को विचार के लिए समितियों को भेजने का सिलसिला लगातार कम होता जा रहा है। मसलन 14वीं लोकसभा में 60 प्रतिशत, 15वीं में 71 प्रतिशत, 16वीं में 25 प्रतिशत विधेयक संसद में पेश करने से पहले संसदीय समितियों को भेजे गए। पिछली लोकसभा में महज 16 प्रतिशत विधेयक ही संसदीय समितियों को भेजे गए। बीती लोकसभा में 15 में से 11 सत्र समय से पूर्व स्थगित कर दी गई। हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित होना अब सामान्य बात हो गई है।

अब सवाल है कि आखिर ऐसी परिस्थिति आई क्यों? इसके लिए हम किसे जिम्मेदार ठहरा सकते हैं या किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? सबसे पहले तो इस तथ्य को सभी दलों को स्वीकार करना होगा कि संसद मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए है। नई परिस्थितियों, नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विमर्श के माध्यम से नए कानून बनाने और जरूरत पडने पर पुराने कानून में संशोधन करने के लिए है। संसद की स्थापना या गठन का मूल उद्येश्य यही है। समस्या यह है कि राजनीतिक दलों ने संसद को सियासत का माध्यम बना लिया है। तो क्या वाकई स्थिति में अनुकूल बदलाव नहीं आएगा? या क्या हम स्थिति में बदलाव के लिए आशावादी हो सकते हैं? इसका जवाब तलाशने के लिए चार जून को आए आम चुनाव के नतीजे के बाद की स्थिति का अवलोकन कीजिये। मतगणना से पहले ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए गए। नतीजे आने के बाद जनादेश को विपक्ष ने अपने ढंग से परिभाषित करने की कोशिश की। यह ठीक है कि भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर पाई, मगर सच्चाई यह भी है कि मतदाताओं ने उसकी अगुवाई वाले राजग गठबंधन को जनादेश दिया है। राजग के पास 294 सदस्यों का संख्या बल है, जो बहुमत से 22 ज्यादा है। विपक्षी इंडी गठबंधन को 234 सीटें ही मिली हैं। भाजपा को 240 सीटें व कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। बावजूद इसके विपक्ष ने जनादेश का सम्मान नहीं किया। इसका सबसे बड़ा उदाहरण विपक्ष का नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से दूरी बनाना है। विपक्षी इंडी गठबंधन से समारोह में सिर्फ मल्लिकार्जुन खरगे उपस्थित थे, वह भी कांग्रेस के अध्यक्ष की हैसियत से नहीं, बल्कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से। क्या विपक्ष के नेताओं की शपथ ग्रहण समारोह से दूरी को उचित ठहराया जा सकता है? क्या यह जनादेश का अपमान नहीं है? क्या यह इस बात का संकेत नहीं है कि पिछली लोकसभा की तरह विपक्ष इस बार भी नकारात्मक मानसिकता के साथ संसद में सरकार से आर या पार की जंग की राह पर है?

जाहिर तौर पर नकारात्मक राजनीति का लाभ किसी को हासिल नहीं होगा। इसकी कीमत विपक्ष को भी चुकानी पड़ेगी। ऐसी राजनीति से लोगों की नजरों में संसद की ही नहीं विपक्ष की भी विश्वसनीयता घटेगी। नतीजे आने के बाद राजग संसदीय दल की बैठक में नरेन्द्र मोदी ने संसद में अच्छी चर्चा, प्रासंगिक-स्वस्थ बहस नहीं होने पर चिंता जाहिर की। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से दलहित-निजी हित से ऊपर उठ कर सकारात्मक मानसिकता के साथ नई लोकसभा में अपना-अपना योगदान देने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री के इस आह्वान और सुझाव का स्वागत किया जाना चाहिए। संसद में स्वस्थ, सार्थक और परिणामोन्मुखी चर्चा हो। ऐसी चर्चा और ऐसा विमर्श जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिले। ऐसी चर्चा जो यह साबित करे कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि सबसे संजीदा लोकतंत्र भी है। दल व जनप्रतिनिधि यह न भूलें कि संसद देश के करोड़ों लोगों की आस्था और उम्मीदों की प्रतीक है।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## बैंकिंग रिफॉर्म
आर.के. सिन्हा




# साइबर ठगों व करप्शन से बचाना होगा बैंकों को

नरेन्द्र मोदी सरकार के केन्द्र में लगातार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने के बाद एक उम्मीद पैदा हुई है कि सरकार अब बैंकिंग सेक्टर को अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाती रहेगी। बीते कुछ सालों के दौरान, भारतीय बैंकों ने जितने उतार-चढ़ाव झेले हैं, शायद किसी अन्य देश ने नहीं झेला होगा। कई भारतीय बैंक अनेक घोटालों-घपलों, ऋण अदायगी न होने, जालसाजियों, अनर्जक परिसम्पत्तियों (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) के बढ़ते बोझ, कर्जमाफी की गलत नीतियों आदि के कारण कई बार तो पूरी तरह डूब गए या भारी घाटे में चले गए। इससे निपटने के लिए पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने कुछ कदम भी उठाए, लेकिन, इनके आधे-अधूरे कार्यान्वयन से आशातीत सफलता नहीं मिली। लेकिन, राहत की बात है कि मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र में फैली गड़बड़ियों को दूर करने के लिए अनेक फौरी कदम उठाए, जिससे बैंकों की स्थिति में अब धीरे-धीरे सुधार आने लगा है। अनेक बैंक न सिर्फ घाटे से उबर कर लाभ की ओर अग्रसर हैं, बल्कि अनेकों घोटालों पर लगाम भी लगी है। अनेक घोटालेबाज़ों की सम्पत्ति कुर्क कर ऋण वसूली भी की गई है, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण किया गया और अनर्जक परिसम्पत्तियों का बोझ काफी कम हुआ है। क्या यह सुखद स्थिति नहीं है कि 2013 से 2017 के बीच बैंकों की अनर्जक परिसम्पत्तियां 12.47 प्रतिशत थी, जो धीरे-धीरे लुढ़कते हुए सितंबर 2023 में 3.2 प्रतिशत हो गई, भले ही इसमें सरकार द्वारा बैंकों के पुनर्पूंजीकरण का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा। अब सवाल यह है कि क्या बैंकों में सुधार की वर्तमान स्थिति भविष्य में भी जारी रहेगी या "लौट के बुद्धु घर आए" की कहावत चरितार्थ होगी?

भारतीय बैंक इस तथ्य के साक्षी हैं कि देश की आज़ादी से पहले और बाद में भी वे डूबते रहे या भारी घाटा सहते रहे हैं। यह उबड़-खाबड़ स्थिति सोचने को विवश करती है कि जब तक लंबे समय तक सुधार प्रक्रिया जारी नहीं रहेगी, तब तक समस्या का स्थायी निराकरण संभव नहीं है। इस विषय पर वरिष्ठ लेखक श्रीपाल जैन की हालिया प्रकाशित पुस्तक –"भारतीय बैंकों का बदलता चेहरा"उपरोक्त विविध पहलुओं का बखूबी विश्लेषण करती है। आज़ादी से पहले और बाद में बैंकों में घोटालों, महाघोटालेबाज़ों, जालसाजी के हथकंडों, बैंकिंग में साइबर अपराधों, येस बैंक के उत्कर्ष एवं पतन, अनर्जक परिसम्पत्तियों के मकड़जाल आदि का विस्तृत विवरण दिया गया है। साथ ही, बैंकों के निजीकरण की गूंज, कृषि ऋणमाफी के अर्थशास्त्र, नोटबंदी, जन-धन योजना, रिजर्व बैंक की स्वायत्तता, डिजिटल बैंकिंग की बढ़ती लोकप्रियता एवं जोखिम आदि की आलोचनात्मक चर्चा की गई है। देश में आज़ादी के बाद निजी और सरकारी बैंक दोनों थे, लेकिन, उनमें अनेक घोटाले हुए और कई बैंक डूबे भी। फिर भी, सरकारी बैंक अर्थव्यवस्था की प्रगति एवं व्यवसाय में वृद्धि में एक प्रमुख इंजन रहे। निजी बैंक आम लोगों के आसानी से खाते भी नहीं खोलते थे। जुलाई 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण से आम जनता की बैंकों तक पहुंच बढ़ने लगी। इस दौर में अनेक बैंकों का विलय हुआ, जिसके कतिपय सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे। लेकिन धीरे-धीरे सरकारी बैंकों में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, राजनीतिक हस्तक्षेप आदि से असली और फर्जी कंपनियों को अनाप-शनाप मात्रा में ऋण दिए गए, जिनमें से कइयों की वसूली नहीं हुई या आंशिक वसूली हो पाई। इससे सरकारी और निजी बैंकों दोनों को भारी घाटा हुआ। 1990 के दशक के आरंभ में उदारीकरण की नीति अपनाई गई और कुछ समय के बाद आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैंस (क्रेडिट कार्य, डेबिट कार्य, चेकों का शीघ्र समशोधन, बीमा. म्यूचुअल फंड खोलना आदि) एच.डी.एफ.सी., आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, येस बैंक जैसे निजी बैंक लोकप्रिय हुए। निजी बैंकों के नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक प्रौद्योगिकी ने सरकारी बैंकों के सामने तगड़ी प्रतिस्पर्धा पेश कर दी। इससे सरकारी एवं अन्य निजी बैंक भी नए उत्पादों, योजनाओं और आधुनिक प्रौद्योगिकी का सहारा लेने को विवश हुए। नतीजतन, सरकारी एवं निजी बैंकों की स्थिति में कुछ सुधार अवश्य दर्ज किया गया, लेकिन उदारीकरण की लहर में घोटालों-घपलों, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार, राजनीति हस्तक्षेप का सिलसिला भी आगे बढ़ता गया। हर्षद मेहता, केतन पारिख के घोटाले और ग्लोबल ट्रस्ट जैसे बैंक के डूबने जैसे घटनाक्रम इसी काल में हुए। मोदी सरकार के प्रथम कार्यकाल में पी.एन.बी. बैंक, पी.एम.सी. बैंक एवं अन्य सहकारी बैंकों, येस बैंक के घोटालों, महाघोटालेबाज़ों के विदेश भागने से भारी संकट पैदा हो गया था।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिव कोई नाम नहीं है



संकलित
**दर्शन**

सद्गुरु। मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# संतान गुस्सा हो तो शांत करने की कोशिश करें



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कैसे पूरा होगा वन महोत्सव का उद्देश्य

हमारे देश में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य वनों की सुरक्षा और वनों की कटाई से जीव-जंतुओं पर जो प्रभाव पड़ता है, उसके प्रति जागरूकता फैलाना भी है। बरसात के मौसम में अगर पौधे लगाए जाएं तो यह इस मौसम में बहुत अच्छे तैयार होते हैं। इसलिए जिन लोगों के घरों में पौधे लगाने की जगह है, वो एक पौधा तो जरूर लगाएं। हालांकि बरसात के मौसम में कुछ राज्य सरकारें अपने यहां पौधे लगाने के लिए विशेष अभियान चलाती हैं। एनजीओ, समाजसेवी संस्थाएं और अन्य लोग भी इसके लिए काम करते हैं। अमरनाथ गुफा में शिवलिंग के समय से पहले पिघलने की खबर है। इससे यह साबित होता है कि धरती पर तापमान बढ़ रहा है, अत: पौधे लगाएं।– *पवन गुप्ता, धमतरी*

## करंट अफेयर

# चिकित्सकों के साथ गतिरोध खत्म करेगा दक्षिण कोरिया



दक्षिण कोरिया ने सोमवार को कहा कि वह देश में लंबे समय से चिकित्सकों के साथ जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए, हड़ताल कर रहे चिकित्सकों के लाइसेंस निलंबित करने की अपनी पहले की योजना वापस लेगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार की घोषणा के बाद, हड़ताल कर रहे कितने हजार चिकित्सक काम पर लौटेंगे। स्वास्थ्य मंत्री चो क्यो होंग ने सोमवार को कहा कि सरकार ने हड़ताल कर रहे चिकित्सकों के लाइसेंस निलंबित न करने का फैसला किया है, चाहे वे अपने अस्पतालों में काम पर लौटें या नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार के फैसले का उद्देश्य आपातकालीन तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज कर रहे चिकित्सकों की कमी से निपटना है। चिकित्सा प्रशिक्षु और रेजीडेंट के तौर पर काम कर रहे 13,000 से अधिक जूनियर चिकित्सक मेडिकल कॉलेज में दाखिलों में वृद्धि करने की सरकार की योजना के विरोध में फरवरी से हड़ताल पर हैं। उनकी हड़ताल से अस्पतालों के कामकाज पर काफी असर पड़ा है। उनकी हड़ताल को उस समय झटका लगा जब मई में सियोल की एक अदालत ने सरकार की योजना के समर्थन में फैसला दिया।

## ऑफ बीट

# 16 कीड़ों का होगा सिंगापुर में भोजन के रूप में इस्तेमाल



सिंगापुर के खाद्य नियामक ने मनुष्यों के भोजन के रूप में झींगुर, टिड्डे और टिड्डियों जैसे कीड़ों की लगभग 16 प्रजातियों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, यह बहुप्रतीक्षित घोषणा उद्योग जगत के उन कारोबारियों के लिए खुशखबरी है जो चीन, थाईलैंड और वियतनाम में मिलने वाले कीड़ों की सिंगापुर में आपूर्ति और खानपान का कारोबार करते है। भोजन के लिए स्वीकृत कीड़ों में झींगुर, टिड्डे, टिड्डियां, मीलवर्म (भोजनकृमि) और रेशमकीट की विभिन्न प्रजातियां शामिल हैं। सिंगापुर खाद्य एजेंसी (एसएफए) ने कहा कि जो लोग मानव उपभोग या पशुधन के चारे के लिए कीड़ों का आयात या पालन करना चाहते हैं, उन्हें एसएफए के दिशानिर्देशों का पालन करना होगा। इन दिशानिर्देशों के तहत, इस बात का दस्तावेजी सबूत मुहैया कराना अनिवार्य है कि आयातित कीड़ों का खाद्य सुरक्षा नियंत्रण से संबंधित विनियमित प्रतिष्ठानों में पालन किया गया और इन्हें जंगलों से नहीं लाया गया। एजेंसी ने कहा कि जो कीड़े एसएफए की 16 कीटों की सूची में नहीं हैं, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए आकलन से गुजरना होगा कि वे उपभोग के लिए सुरक्षित हैं।

## ट्रेंड

### वातावरण के साथ जुड़ाव



ऐसे स्थान हैं जो हमें याद दिलाते हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियाँ और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी गहरी चीज़ को आकर्षित करते हैं। आज जैसे ही मैं समुद्र के किनारे चली, मुझे आस-पास के वातावरण के साथ एक जुड़ाव महसूस हुआ।
-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### मजबूत संबंध



मास्को पहुंच गया हूं। दोनों देशों के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और अधिक गहरा करने की आशा है, विशेषकर सहयोग के भविष्य के क्षेत्रों में। हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा।
नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बजट ही बिगाड़ दिया



कोई एक सब्जी का नाम बताए जो 45 रुपए किलो से कम हो? आलू, प्याज, टमाटर, भिंडी, हरी मिर्च, गोभी, अदरक, शिमला मिर्च, तुरई, बैंगन, लहसुन के भाव आसमान छू रहे है। दाल,चावल, नमक, तेल ,घी की कीमतों में बढ़ोतरी ने आम आदमी का बजट ही बिगाड़ दिया है।
-तेजस्वी यादव, राजद यादव

### कोई समस्या नहीं आएंगी



जीवन में बड़ा लक्ष्य बनाएं। हम जैसे ही सत्य और ऊच्च लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे तो मार्ग में मान-सम्मान, यश-अपयश, हानि-लाभ, जय-पराजय जैसी अवस्थाएं स्वाभाविक रूप से आएंगी, किन्तु जीवन में कोई भी समस्या बाधित नही कर पाती है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## कांग्रेस नेता ने हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की, जाना हाल

# मणिपुर के हालात नहीं सुधरे, मोदी वक्त निकालकर यहां आएं : राहुल

**इंफाल/गुवाहाटी(एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को असम-मणिपुर का दौरा किया। उन्होंने असम के बाढ़ पीड़ितों और मणिपुर हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की। राहुल ने मणिपुर के हालात पर राज्य की गवर्नर अनुसुइया उइके से भी मुलाकात कर अपना पत्र सौंपा। राहुल की आधे घंटे ज्यादा समय तक गवर्नर से चर्चा हुई। इसके बाद राहुल पार्टी के कार्यालय पहुंचे और वहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मणिपुर के हालात पर चिंता जताई। राहुल ने कहा कि मणिपुर में मेरा तीसरा दौरा है। मुझे लगा था कि यहां के हालात में सुधार हुआ होगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है। जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं है। मणिपुर को लेकर केंद्र सरकार बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यहां के हालात सुधरेंगे। राहुल ने कहा कि में रिलीफ कैंप में गया और हिंसा पीड़ित लोगों की बातें सुनीं। लोगों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिया है। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि नफरत से कोई रास्ता नहीं निकलेगा। मैं राजनीतिक बात करने नहीं आया हूं। मैंने गवर्नर से बात की। उनसे कहा कि कांग्रेस जो भी कर सकती है करेगी। राहुल ने आगे कहा कि मैं पीएम से आग्रह करता हूं कि एक-दो दिन का समय निकालकर मणिपुर आएं। यहां जो हो रहा है उसे समझने की कोशिश करना चाहिए। पूरा देश और मणिपुर के लोग भी चाहते हैं कि वे यहां आए और लोगों की परेशानी को समझें।

## राज्यपाल अनुसुइया उइके से भी मुलाकात की, पत्र सौंपा और हालात पर चिंता जताई



### ऐसा रहा असम और मणिपुर दौरा

- राहुल गांधी सबसे पहले सुबह 10 बजे असम के सिलचर-कछार पहुंचे। उन्होंने फुलेरताल के थलाई इन यूथ केयर सेंटर में राहत शिविर का दौरा किया।
- दोपहर 12 बजे बजे जिरिबाम पहुंचे। यहां हायर सेकेंडरी स्कूल में बनाए गए राहत शिविर में मौजूद लोगों से मुलाकात की। उनके आने से पहले सुबह करीब 3.30 बजे जिरिबाम के टोल गांव में उपद्रवियों ने सुरक्षाबलों के कैस्पिर वैन (एंटी लैंड माइन वैन) पर फायरिंग की थी। इसमें एक फायर ब्रिगेड को भी निशाना बनाया गया था। सुरक्षाबलों ने सर्चिंग के बाद 2 लोगों को गिरफ्तार किया था।
- दोपहर 3 बजे के करीब राहुल ने इंफाल के चुराचांदपुर में मंडप तुईबोंग रिलीफ कैंप में मणिपुर हिंसा के पीड़ितों के मुलाकात की।
- शाम 5 बजे राहुल राजभवन पहुंचे। यहां उन्होंने गवर्नर अनुसुइया उइके से मुलाकात की थी और हालात पर चर्चा की।

### तीन प्रमुख समुदाय

मणिपुर की आबादी करीब 38 लाख है। यहां तीन प्रमुख समुदाय हैं- मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं। एसटी वर्ग में आते हैं। इनकी आबादी करीब 50% है। राज्य के करीब 10% इलाके में फैली इंफाल घाटी मैतेई समुदाय बहुल ही है। नगा-कुकी की आबादी करीब 34 प्रतिशत है। ये लोग राज्य के करीब 90% इलाके में रहते हैं।

### मैतेई की जनजाति का दर्जा देने की मांग

मैतेई समुदाय की मांग है कि उन्हें भी जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाई कोर्ट में याचिका लगाई। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। 3 मई 2023 को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हुए थे। जो देखते ही देखते पूर्वी-पश्चिमी इंफाल, बिष्णुपुर, तेंगनुपाल और कांगपोकपी समेत अन्य जिलों में फैल गए थे। इस हिंसा में करीब 200 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

चंपाई-रामेश्वर समेत 11 ने ली शपथ

## विपक्ष का बहिर्गमन, हेमंत सोरेन सरकार ने हासिल किया विश्वास मत

**रांची (भाषा)।** झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नीत गठबंधन सरकार ने सोमवार को विधानसभा से विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बीच विश्वास मत हासिल कर लिया। राज्य की 81 सदस्यीय विधानसभा में मनोनीत सदस्य ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन सहित कुल 45 विधायकों ने विश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के विधायक वोटिंग के लिए गिनती शुरू होते ही सदन से बाहर चले गए। भाजपा के नेतृत्व वाले विपक्ष में भाजपा के 24 और आजसू पार्टी के तीन विधायक हैं। विश्वास मत हासिल करने के बाद सोरेन ने कहा, "आज एक बार फिर सबको सत्तारूढ़ गठबंधन की एकता और ताकत देखने को मिली। मैं (विधानसभा) अध्यक्ष और गठबंधन के सभी विधायकों का आभार जताता हूं।



### भाजपा के पास कोई एजेंडा नहीं : हेमंत

सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत गठबंधन 2019 में सत्ता में आने के बाद से संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहा है और यह आज एक बार फिर देखने को मिला। विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, "सदन में मुझे फिर से देखने के बाद कोई भी भाजपा विधायकों का व्यवहार देख सकता है।" उन्होंने कहा, "भाजपा के पास राज्य के लिए कोई एजेंडा नहीं है।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने तिहाड़ प्रशासन से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन से जवाब मांगा है। उन्होंने न्यायिक हिरासत अवधि के दौरान वकीलों के साथ दो अतिरिक्त बैठकें करने के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की थी। फिलहाल, इस मामले पर 15 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रायल कोर्ट ने सीएम के आवेदन को खारिज कर दिया था। जिसमें दावा किया गया था कि वह पूरे देश में लगभग 30 मुकदमों का सामना कर रहे हैं।



## पर्याप्त सबूत मिलने पर दाखिल होगी चार्जशीट

**बेंगलुरु।** रेणुकास्वामी हत्याकांड मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि पर्याप्त सबूत होने के बाद ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। इस हत्याकांड के आरोपी दर्शन थुगुदीपा, उनकी करीबी दोस्त पवित्रा और 15 अन्य लोग 18 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जांच जारी है, सबूत जुटाए जा रहे हैं। उसके बाद ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि 'प्रक्रियाएं हैं, पर्याप्त सबूत जुटाने के बाद आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। मैं पहले ही कह चुका हूं कि इस मामले में किसी को बचाने की जरूरत नहीं है और ऐसा नहीं किया जाएगा।



देशभर में लगेंगे एफपीओ मेले

## छोटे व सीमांत किसानों को सशक्त करेगी केंद्र सरकार : शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश के छोटे व सीमांत किसानों को सशक्त बनाने के लिए कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) को एक आंदोलन के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा। इसी कड़ी में केंद्र सरकार द्वारा देशभर में एफपीओ मेले लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से किसानों के एफपीओ को प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार का उद्देश्य है कि एफपीओ के माध्यम से हमारे किसान भाई-बहन अपने पैरों पर खड़े हो और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे। कृषि मंत्री चौहान ने यह बात सोमवार को दिल्ली हाट, आईएनए में आयोजित एफपीओ मेले में कही। चौहान ने हरेक स्टाल पर जाकर एफपीओ संचालकों व किसानों से बात की, एफपीओ के माध्यम से उनकी प्रगति पूछी, साथ ही सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि सरकार इस बात पर ध्यान दे रही है कि एफपीओ से जुड़े किसानों को भी उनके उत्पाद बेचने के लिए अच्छा प्लेटफार्म मिले।



- दिल्ली हाट में एफपीओ मेले में शामिल हुए केंद्रीय कृषि मंत्री

## जम्मू के सरकारी अस्पताल में साल के अंत तक बनेगा पहला मानव दूध बैंक

**जम्मू (भाषा)।** आम तौर पर मानव दूध बैंक के तौर पर पहचाने जाना वाला पहला 'कॉम्प्रीहेंसिव लैक्टेशन मैनेजमेंट सेंटर (सीएलएमसी) इस साल के अंत तक यहां एक सरकारी अस्पताल में कार्य करना शुरू करेगा। अधिकारी ने बताया कि सीएलएमसी बीमार, कमजोर और समय-पूर्व जन्मे बच्चों को बेहतर उपचार मुहैया कराने में मदद करेगा। इस केंद्र का निर्माण जम्मू के गांधी नगर इलाके में सरकारी मातृत्व एवं शिशु देखभाल अस्पताल में 47.20 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक अरुण शर्मा ने बताया कि इस केंद्र को स्तनपान कराने वाली माताओं के सहारे चलाया जाएगा या ऐसी माताएं इसमें दूध का दान कर सकती हैं जिन्होंने अपने नवजात बच्चे को खो दिया है। उन्होंने कहा, "दूध एकत्र कर उसकी वैज्ञानिक रूप से जांच की जाएगी।

## जयराम रमेश को कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज जिला अदालत में कांग्रेस नेता जयराम रमेश पर फौजदारी का केस दर्ज हुआ है। केस दर्ज कर उन्हें अदालत ने नोटिस जारी किया है। दरअसल, जयराम रमेश ने 1 जून को दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिला कलेक्टर्स को फोन करके डरा-धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह से अमित शाह 150 अधिकारियों को फोन कर चुके हैं। जयराम ने इसे शर्मनाक बताया था। जयराम रमेश के खिलाफ यह वाद इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकील और उत्तर प्रदेश के सह संयोजक विधि विभाग भाजपा सुशील कुमार मिश्र की ओर से दाखिल किया गया है। वकील सुशील कुमार मिश्र का कहना है कि अदालत ने सुनवाई कर केस दर्ज करने के बाद जयराम रमेश को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की डेट तय हुई है। इलेक्शन कमीशन ने जयराम रमेश के दावे का संज्ञान लिया।

- अमित शाह पर 150 कलेक्टरों को फोन कर डराने का लगाया था आरोप

## मुर्मू ने समुद्र तट पर समय बिताया, पर्यावरण को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया

**पुरी (ओडिशा) (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश में हाल में भीषण गर्मी पड़ने और दुनिया भर में मौसम के चरम पर रहने की लगातार हो रही घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों से पर्यावरण की रक्षा के लिए 'छोटे' और 'स्थानीय' स्तर पर कदम उठाने का सोमवार को आग्रह किया ताकि भविष्य को बेहतर बनाया जा सके। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि वार्षिक रथ यात्रा में शामिल होने के एक दिन बाद मुर्मू ने पवित्र शहर पुरी के समुद्र तट पर कुछ समय बिताया। उन्होंने बाद में प्रकृति के साथ निकटता के अनुभव के बारे में अपने विचार लिखे। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि प्रदूषण के कारण महासागरों और वनस्पतियों एवं जीवों की समृद्ध विविधता को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन प्रकृति की गोद में रहने वाले लोगों ने "उन परंपराओं को कायम रखा है जो हमारा मार्गदर्शन कर सकती हैं।'

### पर्यावरण की रक्षा के लिए छोटे और स्थाई कदम उठाने का आग्रह किया



### तटीय इलाकों में रहने वाले लोग समझते हैं समुद्र की लहरों और हवाओं की भाषा

उन्होंने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के उपाय सुझाते हुए कहा, "उदाहरण के लिए, तटीय इलाकों में रहने वाले लोग समुद्र की लहरों और हवाओं की भाषा समझते हैं। वे अपने पूर्वजों का अनुसरण करते हुए समुद्र को भगवान के रूप में पूजते हैं।" राष्ट्रपति छह जुलाई को चार दिवसीय दौरे पर ओडिशा आईं। उन्होंने कहा, "ऐसे स्थान हैं जो हमें जीवन के तत्व के करीब लाते हैं और हमें याद दिलाते हैं कि हम प्रकृति का हिस्सा हैं। पहाड़, जंगल, नदियां और समुद्र तट हमारे भीतर की किसी गहरी चीज को आकर्षित करते हैं। मैं आज जब समुद्र के किनारे टहल रही थी तो मुझे आसपास के वातावरण- हल्के हल्के बहती हवा, लहरों के शोर और पानी के विशाल विस्तार के साथ एक जुड़ाव महसूस हुआ। यह ध्यान करने जैसा अनुभव था।'

## संदेशखाली केस : सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार की याचिका खारिज

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, बंगाल सरकार ने महीनों तक कोई एक्शन नहीं लिया, याचिका खारिज की जाती है
- कोलकाता हाईकोर्ट ने खुद संज्ञान लेते हुए सीबीआई को सौंपी थी जांच

**कोलकाता(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली केस की सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को याचिका खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने महीनों से संदेशखाली मामले पर एक्शन नहीं लिया। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को खुद से संज्ञान लेते हुए संदेशखाली केस की जांच सीबीआई को सौंपी थी। पश्चिम बंगाल सरकार ने इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी, इस पर 29 अप्रैल को भी सुनवाई हुई थी। उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया था कि किसी निजी शख्स के हितों की रक्षा करने के लिए राज्य सरकार ने याचिका क्यों लगाई है। इसके बाद कोर्ट ने कहा था कि मामले को चुनाव के बाद जुलाई में सुनेंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच के सामने पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। उन्होंने बताया कि 43 एफआईआर की जांच के लिए व्यापक निर्देश दिए गए हैं। जिनमें राशन घोटाला भी शामिल है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संदेशखाली को लेकर महीनों तक राज्य सरकार ने कुछ नहीं किया। राज्य सरकार किसी एक शख्स को बचाने की कोशिश क्यों कर रही है। हम याचिका को खारिज करते हैं।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 252 दिनांक 04.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना कलानौर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- प्रिती
**पिता/पति का नाम**- पत्नी प्रदीप
**पता** - गांव निंगाणा, कलानौर, जिला रोहतक
**उम्र**- 32 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल व काली आँखें।
पहनावा - सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 04.07.24 को प्रिती पत्नी प्रदीप निवासिया गांव निंगाणा, कलानौर, जिला रोहतक थाना कलानौर जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9817055611

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 414 दिनांक 04.07.24 धारा 127 (2) BNS 2023 थाना शहर जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे-**
**नाम**- मोहित
**पिता/पति का नाम** - पुत्र राम कुमार
**पता** - शोरा कोठी जिला रोहतक
**उम्र**- 24 वर्ष
**कद**- 5 फुट 8 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, चेहरे पर दाढी मुंछ, काले बाल व काली आँखें।
**पहनावा**- हरी लाईनदार की शर्ट व काली लोवर व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 03.07.24 को मोहित पुत्र राम कुमार निवासी शोरा कोठी जिला रोहतक थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 8168047939

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 414 दिनांक 04.07.24 धारा 140(3) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**



**गुमशुदा की पहचान बारे -**
**नाम**- तमन्ना
**पिता/पति का नाम**- पुत्री राजेन्द्र सिंह
**पता** - राजीव कालोनी जिला रोहतक
**उम्र**- 16 वर्ष
**कद**- 5 फुट 1 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, दाहिने हाथ की कलाई पर लहशून बचपन से काले बाल व काली आँखें।
**पहनावा** - सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 04.07.24 को तमन्ना पुत्री राजेन्द्र सिंह निवासी राजीव कालोनी जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9416337460

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 45 दिनांक 15.02.24 धारा 379 IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक ।**



**वांछित अपराधी की पहचान**
**नाम** - नहीं पता
**पिता/पति का नाम** - नहीं पता
**पता**- नहीं पता
**उम्र**- करीब 15-16 वर्ष
**कद**- करीब 5 फुट

दिनांक 14/15.02.24 की रात को बैंकेट हाल सकाई व्यू नजदीक काईनोश हस्पताल के नजदीक दिल्ली रोड रोहतक में शादी समारोह में एक नाम पता ना मालूम द्वारा कन्यादान के पैसों से भरा बैग चोरी किया गया। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग अंकित किया गया है। शादी समारोह व बैंकेट हाल की फूटेज से पता चला की फोटो में दिए गए शक्स द्वारा चोरी की गई है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक- 7082999124, 7082999179
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक- 9416935473

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 204 दिनांक 28.06.24 धारा 363,366ए IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक ।**



**वांछित अपराधी की पहचान बारे -**
**नाम**- अनील
**पिता/पति का नाम** - पुत्र स्वर्गिय राजेश कुमार
**पता** - गांव करौंथा जिला रोहतक
**उम्र**- करीब 20-25 वर्ष
**कद**- करीब 5 फुट 8 इंच

दिनांक 25.06.24 को गांव खेड़ी साध जिला रोहतक से आरोपी अनील पुत्र स्वर्गिय राजेश कुमार निवासी गांव करौंथा जिला रोहतक शिकायतकर्ता सोनिया पत्नी मुकेश निवासिया खेड़ी साध जिला रोहतक की नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ भगाकर ले गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक- 94164-07563

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 155 दिनांक 16.04.24 धारा 148,149,302,120बी IPC व 25 शस्त्र अधिनियम थाना महम जिला रोहतक ।**



**10000 रुपये के ईनामी अपराधी की पहचान बारे -**
**नाम**- अंकित उर्फ गोदू
**पिता/पति का नाम**- पुत्र रणबीर
**पता**- गांव निन्दाना महम जिला रोहतक
**उम्र**- करीब 35 वर्ष
**कद**- करीब 5 फुट 8 इंच

अंकित उर्फ गोदू पुत्र रणबीर निवासी गांव निन्दाना महम जिला रोहतक थाना महम रोहतक अभियोग संख्या उपरोक्त में अतिवांछित अपराधी है। जिस पर पुलिस विभाग द्वारा 10000 रुपये ईनाम घोषित किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उपरोक्त ईनाम की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अपराध शाखाएं- 7082999112,7082999113,7082999114

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 228 दिनांक 04.04.22 धारा 420,406,120बी IPC थाना शहर जिला रोहतक ।**



**10000 रुपये के ईनामी अपराधी की पहचान बारे -**
**नाम**- राजीव उर्फ सोनू
**पिता/पति का नाम**- पुत्र रमेश
**पता** - म.न. 1357 थर्मल कालोनी आसन कला पानीपत
**उम्र**- करीब 35-45 वर्ष
**कद**- करीब 5 फुट 8 ईंच

राजीव उर्फ सोनू पुत्र रमेश निवासी म.नं. 1357 थर्मल कालोनी आसन कला पानीपत अभियोग संख्या उपरोक्त में अतिवांछित अपराधी है। जिस पर पुलिस विभाग द्वारा 10000 रुपये ईनाम घोषित किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उपरोक्त ईनाम की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अपराध शाखाएं- 7082999112,7082999113,7082999114

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**जी.डी नम्बर 17 दिनांक 02.07.24 धारा 194 BNSS थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक ।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे -**
**नाम**- नहीं पता
**पिता/पति का नाम** - नहीं पता
**पता**- नहीं पता
**उम्र**- करीब 50-55 वर्ष
**कद**- करीब 5 फुट 7 इंच
**हुलिया**- दाहिने हाथ की कलाई पर जयसिंह लिखा हुआ व बाएं हाथ की पुस्त पर ओम गुदा हुआ।
**पहनावा** - सफेद रंग का पजामा पहने हुए बाकि शरीर से नग्न अवस्था में

दिनांक 02.07.2024 को एक नाम पता नामलूम व्यक्ति की लाश जवाहर लाल नेहरु नहर दिल्ली बाई पास के पास तैरती हुई मिली है। जिसके वारसान का अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है। अदमशिनाख्त नाश को बाद पोस्टमार्टम 72 घण्टे के लिए शिनाख्त हेतू PGIMS रोहतक के डैड हाउस में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उपरोक्त ईनाम की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक- 70829991124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक - 7015737759

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**जी.डी नम्बर 40 दिनांक 04.07.24 धारा 194 BNSS थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक ।**



**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे -**
**नाम**- नहीं पता
**पिता/पति का नाम** - नहीं पता
**पता**- नहीं पता
**उम्र**- करीब 40-45 वर्ष
**कद**- करीब 5 फुट 7 इंच
**हुलिया**- गले में काले रंग का डोरा बंधा हुआ, एक हाथ में घंटी बंधी हुई
**पहनावा**-घिया रंग की शर्ट नीचे सफेद बनीयान, कमर में काले रंग की पैन्ट, नीते ब्राउन रंग का अन्डरवियर पहने हुए है।।

दिनांक 02.07.2024 को एक नाम पता नामलूम व्यक्ति की लाश जवाहर लाल नेहरु नहर दिल्ली बाई पास के पास तैरती हुई मिली है। जिसके वारसान का अभी तक कोई सुराग नहीं पता चला है। अदमशिनाख्त नाश को बाद पोस्टमार्टम 72 घण्टे के लिए शिनाख्त हेतू PGIMS रोहतक के डैड हाउस में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उपरोक्त ईनाम की राशि से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक- 70829991124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक - 9817205683

पीआरडीएच-1084/11/2505/2025/27563/88/6 दि. 08.07.24

रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने वनुकोवो-2 हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की

# दोनों देशों के मजबूत संबंध हमारे लोगों को बहुत लाभ पहुंचाएंगे: मोदी

भाषा ▶▶| मॉस्को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार से अपनी दो दिवसीय रूस यात्रा शुरू की जिसमें वह व्यापार, ऊर्जा एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान देते हुए राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता करेंगे। मोदी ने मॉस्को पहुंचते ही कहा कि वह भविष्य के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को गहन बनाने को लेकर आशान्वित हैं और भारत तथा रूस के बीच मजबूत संबंधों से हमारे लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव ने वनुकोवो-2 हवाई अड्डे पर मोदी की अगवानी की। वह मोदी को हवाई अड्डे से उनके होटल तक छोड़ने उनके साथ गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मांतुरोव ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूस यात्रा के दौरान उनका भी स्वागत किया था।

भारतीयों से मिले प्रधानमंत्री, मोदी-मोदी के नारे लगे




### देशों के बीच मजबूत संबंधों का हमारे लोगों को बहुत लाभ मिलेगा

हमारे देशों के बीच, खासतौर पर सहयोग के भविष्योन्मुखी क्षेत्रों में विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने को लेकर आशान्वित हूं।" उन्होंने कहा, "हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों का हमारे लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। यह पिछले पांच साल में मोदी की रूस की पहली यात्रा है। यह फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद उनकी पहली मॉस्को यात्रा है। यह मोदी के तीसरे कार्यकाल की पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी है। इससे पहले वह 2019 में रूस गए थे जहां उन्होंने सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तक में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था। पुतिन मॉस्को में 22वें भारत-रूस शिखर सम्मेलन के तहत मंगलवार को होने वाली वार्ता से पहले आज रात भारतीय प्रधानमंत्री के लिए निजी रात्रिभोज देंगे।

### राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी से निजी मुलाकात की

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपने सरकारी आवास 'नोवो-ओगरियोवो' पर एक 'निजी मुलाकात' के तहत स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 'एक्स' पर लिखा, "यह दो करीबी मित्रों और विश्वसनीय साझेदारों की बैठक थी। दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए मंत्रालय ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 'निजी मुलाकात' के लिए नोवो-ओगरियोवो स्थित अपने सरकारी आवास पर स्वागत किया।

- पीएम बोले- मुझे बुलाया, आपका धन्यवाद, पुतिन ने कहा-आपको देखकर खुशी हुई

## खबर संक्षेप

### निठारी कांड: याचिका पर सुनवाई को सुको राजी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2006 के सनसनीखेज निठारी हत्याकांड में सुरेंद्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति जताई।

### बंगाल की खाड़ी में होगा मालाबार युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर में लगातार बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच इस वर्ष भारत महत्वपूर्ण मालाबार-2024 नौसैन्य युद्धाभ्यास की मेजबानी करेगा। इसमें भारतीय नौसेना के अलावा अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं भी भाग लेंगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2024 में भारत की अध्यक्षता में मालाबार युद्धाभ्यास बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया जाएगा।

### पुलिस ने एक्स से महुआ के पोस्ट की डिटेल मांगी

**नई दिल्ली।** एनसीडब्ल्यू की प्रमुख रेखा शर्मा के बारे में अपमानजनक टिप्पणी को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के एक दिन बाद, दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' से लोकसभा सदस्य की अब हटाई जा चुकी टिप्पणी का विवरण मांगा।

फ्रांस में चुनाव: गठबंधन सरकार के आसार, पीएम गैब्रियल एटल देंगे इस्तीफा

# वामपंथी गठबंधन ने सबसे ज्यादा 182 सीटें जीतीं, नतीजों के बाद हिंसा भड़की

- अब राष्ट्रपति मैक्रों को संसद में बिल पास करने में दूसरी पार्टियों का सहारा लेना होगा
- फ्रांस में राजनीतिक उथल-पुथल से देश की अर्थव्यवस्था हो सकती है प्रभावित

एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रांस में रविवार को हुए संसदीय चुनाव के नतीजों में राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों की रेनेसां पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को आंकड़े जारी करते हुए बताया कि कुल 577 सीटों में से वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी ) गठबंधन को 182 सीटें मिलीं। दूसरे नंबर पर रेनेसां पार्टी रही। इसे 163 सीटें मिलीं। वहीं, दक्षिणपंथी नेशनल रैली गठबंधन को 143 सीट हासिल करने में कामयाब रही। नेशनल असेंबली में बहुमत के लिए किसी भी पार्टी को 289 सीटें जीतना जरूरी है। ऐसे में अब किसी भी पार्टी के पास बहुमत नहीं है। हार की जिम्मेदारी लेते हुए पीएम गैब्रियल अट्टल ने कहा कि वे राष्ट्रपति मैक्रों को इस्तीफा सौंप देंगे।

हिंसा के बाद कई जगह आग की लपटें दिखाई दी




### आंसू गैस के गोले दागे, कई लोग घायल

संसदीय चुनाव में शुरुआती नतीजों के बाद हिंसा भड़क गई। दक्षिणपंथी नेशनल रैली के लोग सड़क पर आ गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान पुलिस ने सेंट्रल पेरिस में लोगों पर आंसू गैस के गोले दागे, जिसमें कई लोग घायल हो गए। दरअसल इससे पहले 30 जून को हुए चुनाव हुआ था। इसमें दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली को सबसे ज्यादा 35.15% वोट मिले, जिसके बाद अनुमान था कि पार्टी को 230-280 सीटें मिल सकती हैं, लेकिन आज आए नतीजों में इसका उल्टा हुआ।

### कैसे हारी मरीन ली पेन की नेशनल रैली

फ्रांस में अति दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली को रोकने के लिए दूसरे चरण के चुनाव में मैक्रों की रेनेसां पार्टी और उसमें शामिल गठबंधन दलों (इनसेंबल) और वामपंथी पार्टी न्यू पॉपुलर फ्रंट ने गठबंधन कर लिया था। इसके तहत दोनों दोनों समूहों ने 217 उम्मीदवारों को मैदान से हटा दिया था। फ्रांस के चुनाव में पहले चरण में किसी उम्मीदवार को 12.5% वोट मिला हो तो वह दूसरे चरण में लड़ सकता है। ऐसे में इस गठबंधन ने एक स्ट्रैटजी के तहत तीसरे नंबर पर रहे उम्मीदवार को हटा दिया। आसान भाषा में कहें तो मैक्रां गठबंधन या फिर न्यू पॉपुलर फ्रंट जो भी तीसरे नंबर पर रहा उसे हटा दिया गया। इस तरह वामपंथी गठबंधन और मैक्रां की मध्यममार्गी पार्टी का वोट एक-दूसरे को शिफ्ट हो गया।

### हार के बाद भी पद पर बने रहेंगे मैक्रों



नेशनल असेंबली के चुनाव में मैक्रों की रेनेसां पार्टी हार चुकी है, लेकिन मैक्रों पद पर बने रहेंगे। मैक्रों ने पहले ही कह दिया है कि चाहे कोई भी जीत जाए वे राष्ट्रपति पद से इस्तीफा नहीं देंगे। दरअसल, यूरोपीय संघ के चुनाव में हार के बाद अगर मैक्रों की पार्टी संसद में भी हार जाती है तो उन पर राष्ट्रपति पद छोड़ने का दबाव बन सकता है। इसलिए मैक्रों ने पहले ही साफ कर दिया है कि वे अपना पद नहीं छोड़ेंगे।

### ओलंपिक खेलों की मेजबानी पर खतरा

**पेरिस।** फ्रांस में संसदीय चुनाव में अधिकतर सीट पर वाम झुकाव वाले गठबंधन की जीत के बाद प्रधानमंत्री गैब्रियल एटल ने घोषणा की है कि वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। वामपंथी झुकाव वाला नया गठबंधन 'न्यू पॉपुलर फ्रंट' सबसे अधिक सीट जीतने के बावजूद बहुमत से चूक गया है लेकिन वह दक्षिणपंथी 'नेशनल रैली' से बहुत आगे है। यूरोपीय संघ के प्रमुख देश और ओलंपिक खेलों के मेजबान देश में राजनीतिक गतिरोध का खतरा भी पैदा हो गया है।

### फ्रांस में चुनाव की प्रक्रिया

भारत की तरह फ्रांस में भी संसद के 2 सदन हैं। संसद के उच्च सदन को सीनेट और निचले सदन को नेशनल असेंबली कहा जाता है। नेशनल असेंबली के मेंबर को आम जनता, जबकि सीनेट को सदस्यों को नेशनल असेंबली के सदस्य और अधिकारी मिलकर चुनते हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति और नेशनल असेंबली के चुनाव अलग-अलग होते हैं। 2022 के चुनाव में इमैनुएल मैक्रों के साथ भी यही हुआ था। वे राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत गए थे, लेकिन नेशनल असेंबली में उनके गठबंधन को बहुमत नहीं मिला था।

उधमसिंह नगर में रेस्क्यू



शिंदे ने स्थिति की समीक्षा की



कई राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही

# मुंबई में 50 फ्लाइट्स, 5 ट्रेन कैंसिल बिहार में वज्रपात से 12 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कई राज्यों में बारिश और बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। मुंबई में रविवार देर रात 1 बजे से सोमवार सुबह 7 बजे तक छह घंटों में करीब 300 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। तेज बारिश के चलते मुंबई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी भी घटी। रात 2:22 बजे से सुबह 11 बजे तक की 50 फ्लाइट्स को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, बिहार में वज्रपात से 12 लोगों की मौत हो गई है। बारिश से निचले क्षेत्रों में पानी भर गया है।

- हिमाचल प्रदेश में बारिश और भूस्खलन के कारण राजमार्ग सहित 70 मार्ग बंद
- उप्र : उत्तराखंड से छोड़े गये लाखों क्यूसेक पानी से आई बाढ़, कई जिले प्रभावित
- असम में बाढ़ के कारण काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 131 वन्य जीव मारे गए, 96 को बचाया गया
- महाराष्ट्र में रेलवे ट्रैक पर चलकर विधानसभा पहुंचे मंत्री

मुंबई हिट एंड रन केस

# शिवसेना नेता को जमानत, आरोपी को पकड़ने के लिए छह टीम बनाई

- सीसीटीवी में मिहिर दोस्तों के साथ मुंबई के एक पब से निकलते हुआ आ रहा है नजर

भाषा ▶▶| मुंबई

मुंबई पुलिस ने वर्ली इलाके में बीएमडब्ल्यू कार की टक्कर से एक महिला की मौत के मामले में सत्तारूढ़ शिवसेना के नेता के 24 वर्षीय बेटे को पकड़ने के लिए छह टीम गठित की है। शिवसेना नेता का बेटा उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी। घटना में एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया। पालघर जिले के शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया गया है। पुलिस के मुताबिक, वर्ली कोलीवाड़ा निवासी कावेरी नखवा (45) रविवार को सुबह करीब साढ़े पांच बजे अपने पति प्रदीप के साथ डॉ. एनी बेसेंट मार्ग से गुजर रही थीं, तभी बीएमडब्ल्यू सवार मिहिर शाह ने दंपति के दोपहिया वाहन को कथित तौर पर टक्कर मार दी। महिला कार के साथ दो किमी से अधिक दूरी तक घिसटती चली गई। वहीं, मामले में शिवसेना नेता को जमानत मिल गई है।

53 साल बाद पुरी की रथ यात्रा दो दिन चली

# पुरी के गुंडिचा मंदिर पहुंचे भगवान जगन्नाथ भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ

- सोमवार 9.30 बजे 12वीं सदी के मंदिर से गुंडिचा मंदिर तक 2.5 किमी की यात्रा फिर से शुरू हुई और समापन 2.35 बजे हुआ

भाषा ▶▶| पुरी



भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ सोमवार को गुंडिचा मंदिर पहुंचे, जिसके साथ ही ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा समारोह का पहला चरण संपन्न हो गया। हजारों लोगों ने रथों को खींचा, जबकि लाखों श्रद्धालु गर्मी और उमस के बीच 'बड़ादंडा' पर रथ यात्रा देखने के लिए सड़क किनारे जमा हुए। यात्रा रविवार शाम को शुरू हुई, लेकिन सूर्यास्त के कारण कुछ मीटर बाद ही रुक गई। सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे 12वीं सदी के मंदिर से गुंडिचा मंदिर तक 2.5 किलोमीटर की यात्रा फिर से शुरू हुई और इसका समापन अपराह्न 2.35 बजे हुआ। तीनों भव्य रथ ग्रैंड रोड पर गुंडिचा मंदिर के बाहर रहेंगे। मंगलवार को एक औपचारिक शोभायात्रा के साथ देवताओं को मंदिर के अंदर ले जाया जाएगा। देवता एक सप्ताह तक इसी मंदिर में रहेंगे।

यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध

# कीव में बच्चों के अस्पताल व अन्य स्थानों पर रूस ने दागीं मिसाइलें, 31 लोगों की मौत

**कीव।** रूस ने राजधानी कीव समेत यूक्रेन के विभिन्न स्थानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और 154 लोग घायल हुए हैं। रूसी हमले में बच्चों के एक अस्पताल की इमारत को भी व्यापक रूप से नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पोस्ट पर एक बयान में कहा कि रूसी बमबारी ने पांच यूक्रेनी शहरों को विभिन्न प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलों से निशाना बनाया, जिससे रिहाइशी इमारतें और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे नष्ट हो गए। क्रीवीं रीह में नगर प्रशासन के प्रमुख ओलेक्सांद्र विल्कुल ने कहा कि यह एक बड़े पैमाने पर किया गया मिसाइल हमला था, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गयी और 47 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यूक्रेन के मध्य द्निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में भी विस्फोट की सूचना दी है। अधिकारियों ने बताया कि राहतकर्मी कीव के ओखमाटडिट बाल अस्पताल की आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त इमारत के मलबे से लोगों की तलाश में जुटे हैं। मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि कम से कम 16 लोग घायल हुए हैं।

हमले में करीब 154 लोग घायल भी हुए

बाइडेन की दावेदारी पर सवाल

# जो पर लटक रही है तलवार कमला हैरिस बन सकती हैं राष्ट्रपति पद की दावेदार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आ रहे हैं और डेमोक्रेट पार्टी एक अलग समस्या से जूझ रही है। दरअसल जो बाइडन की राष्ट्रपति पद की दावेदारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं और जानकारी के अनुसार, डेमोक्रेट पार्टी अब उम्मीदवारी के लिए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तरफ देख रही है। डेमोक्रेट पार्टी के कई नेता, दानदाता और पार्टी कार्यकर्ता मानते हैं कि जो बाइडन, ट्रंप के सामने कमजोर रह सकते हैं, यही वजह है कि अब जो बाइडन की जगह कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाने पर विचार किया जा रहा है। बीते दिनों अटलांटा में हुई राष्ट्रपति पद की पहली बहस में जो बाइडन, डोनाल्ड ट्रंप के सामने कमजोर साबित हुए थे। बाइडन की जुबान लड़खड़ाई और जिस तरह से उन्होंने जवाब दिए, उसके बाद से उनकी बढ़ती उम्र की चर्चा फिर से तेज हो गई थी। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो डेमोक्रेट पार्टी के भीतर एक वर्ग कमला हैरिस को जो बाइडन के संभावित विकल्प के रूप में देख रहा है।



मनोहरलाल ने बिजली क्षेत्र की योजनाओं की समीक्षा की

# बिजली मंत्री का उपभोक्ताओं के लिए खुद से मीटर रीडिंग का सुझाव

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को बिजली उपभोक्ताओं के लिए खुद से मीटर रीडिंग और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से बिल सृजित करने का सुझाव दिया। बिजली मंत्रालय के बयान के अनुसार, खट्टर ने अरुणाचल प्रदेश में बिजली क्षेत्र की योजनाओं और परियोजनाओं पर ईटानगर में समीक्षा के दौरान यह सुझाव दिया। इसमें कहा गया है कि मंत्री ने उपभोक्ताओं को हर दो महीने में एक बार स्वयं मीटर रीडिंग और एक मोबाइल ऐप के माध्यम से बिल बनाने का विकल्प उपलब्ध कराने का सुझाव दिया है। बैठक में अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और केंद्रीय बिजली सचिव पंकज अग्रवाल भी मौजूद थे। मंत्री ने कहा, "केंद्र सरकार देश के पूर्वोत्तर राज्यों के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। पिछले दशक में केंद्र सरकार इस क्षेत्र की जरूरतों के प्रति बेहद संवेदनशील रही है। बेहतर संपर्क, बेहतर बुनियादी ढांचा और लोगों के कल्याण के लिए काम किये जा रहे हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25